10 Mar -26 page 1 09-03-2026 10:35 PM Page 1

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। मंगलवार 10 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 76 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## ईरान को मिला नया लीडर तो रूस हुआ खुश

### पुतिन ने खामेनेई के बेटे मुजतबा को दी बधाई



**नई दिल्ली।** ईरान ने सोमवार को इजरायल और खाड़ी देशों पर और हमले किए। ये हमले ईरानी सरकारी टीवी पर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को ईरान का सुप्रीम लीडर घोषित करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद ही शुरू हो गए। ईरान का शक्तिशाली अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड सुप्रीम लीडर के प्रति जवाबदेह है और अब युवा खामेनेई युद्ध रणनीति में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ईरान की तरफ से सुप्रीम लीडर के नाम का ऐलान और उसके बाद हमलों से सोमवार को तेल की कीमतों में भारी उछाल आया। इस बात की चिंता बढ़ गई कि एनर्जी की बढ़ती लागत महंगाई को बढ़ाएगी। इसके चलते अमेरिकी उपभोक्ता खर्च में कमी लाएंगे। दुनिया की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले मुख्य रूप से अमेरिकी लोग ही हैं। टोक्यो का बेंचमार्क निक्केई 225 सूचकांक सोमवार के शुरूआती कारोबार में 7% तक गिर गया, जबकि अन्य एशियाई बाजारों में भी गिरावट देखी गई।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के नए नेता बनने पर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को बधाई देते हुए एक टेलीग्राम भेजा। क्रेमलिन की वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित संदेश में मॉस्को ने तेहरान के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की और कहा कि रूस इस्लामी

विस्तृत खबर, पृष्ठ 7

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सीएम योगी ने विधायकों को दे दी 5 करोड़ के विकास कार्यों की पावर!



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास योजनाएं किसी भी सरकार के कार्यकाल का सबसे सशक्त गवाह होती हैं। सरकार की ये मंशा भी होती है कि उनके कार्यकाल में जनता के हित में जो भी योजनाएं संचालित हुई है उनका लाभ जनता को मिले और इसकी जनकारी भी सभी को रहे। उत्तर प्रदेश सरकार की ये प्राथमिकता भी रही है कि जनता को योजनाओं का लाभ मिले और क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो।

विकास का संदेश जाये और इन्हीं सब योजनाओं के साथ सोमवार को कलैक्ट्रेट में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की तो इसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि काम अगर मुख्यमंत्री जनहित योजना के तहत है, काम अगर सीएम त्वरित विकास योजना के कोटे से हो रहा है तो फिर उद्घाटन वाला फीता क्षेत्रीय विधायक काटेंगें। उद्घाटन वाला नारियल भी विधायक जी ही फोडेंगे और विकास वाले पत्थर पर विधायक जी का भी नाम होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कलेक्ट्रेट में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए विधायकों से मुखातिब थे। इस वीसी में जीडीए वीसी नन्द किशोर कलाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड मौजूद थे। इस वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर थे। सूत्र बताते हैं कि लगभग 14 मिनट की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिये हैं कि सीएम त्वरित विकास योजना के तहत जो भी विकास कार्य होंगे। उन सबके उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक, एमएलसी और मंत्री करेंगे। इस वीसी में अधिकारियों को भी निर्देश दिये गये वो मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अन्तर्गत जिन सड़कों का निर्माण होना है उन सबके प्रस्ताव भेज दिये जायें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में ये भी निर्देश दिये गये कि राज्य सरकार की निधि से होने वाले कार्य का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ही करेंगे। भले ही काम निगम से हो रहे हैं लेकिन अगर राज्य सरकार की निधि है तो इसका फीता विधायक काटेंगे। संक्षिप्त वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के निर्देश विकास योजनाओं से जुड़े थे और सीधे स्पष्ट निर्देश मिले हैं। सूत्र बताते हैं कि सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी सांसद-विधायकों को 5-5 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराने की पावर दे दी है। जिसे अभी से विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

## सिटी जोन पुलिस आज लौटाएगी 500 से अधिक चोरी-लूट के मोबाइल

### करोड़ों के मोबाइल वापस पाकर पीड़ितों के चेहरों पर लौटेगी इस्माइल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन की पुलिस मंगलवार को बड़ी कार्रवाई का खुलासा करने जा रही है। पुलिस ने चोरी, लूट और गुम हुए 500 से अधिक मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिन्हें उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपा जाएगा। मोबाइलों की कुल कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की जाएगी, जिसमें सिटी जोन के अधिकारी पूरी कार्रवाई का खुलासा करेंगे। इस दौरान बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे जाएंगे, जिससे लंबे समय से अपने फोन खो चुके लोगों के चेहरों पर फिर से इस्माल लौटेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस कमिश्नरेट में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इन दिनों एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत खास पोर्टल की मदद से चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उन्हें बरामद किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत सिटी जोन की पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है।

उधर जानकारी यह भी मिल रही है कि जिन थानों के प्रभारियों और पुलिसकर्मियों ने मोबाइल बरामदगी में बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें जल्द ही डीसीपी सिटी जोन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को होने वाली प्रेसवार्ता में इस पूरी कार्रवाई से जुड़े तरीके, गिरफ्तारी और बरामदगी की विस्तृत जानकारी भी साझा की जाएगी। माना जा रहा है कि एक साथ 500 से अधिक मोबाइल बरामद करने की यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल हो सकती है।

## जल्द मुख्यमंत्री योगी करेंगे कमिश्नरेट भवनों का शिलान्यास गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को मिलेगी अत्याधुनिक पहचान

### आदित्य वर्ल्ड सिटी में बनेगा अलग साइबर थाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही प्रदेश के विभिन्न कमिश्नरेट और प्रमुख शहरों में बनने वाले नए पुलिस भवनों का शिलान्यास एवं शुभारंभ करने जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को भी बड़ा तोहफा मिलने वाला है।

सूत्रों के अनुसार नूरनगर, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए बहुमंजिला अत्याधुनिक मुख्यालय भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस भवन के निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपे जाने की तैयारी है।

करीब 52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय ग्राउंड फ्लोर सहित पांच मंजिला होगा। इसमें पुलिस अधिकारियों के लिए अलग-अलग कार्यालय, मीटिंग हॉल, आधुनिक कार्यस्थल, कैंटीन और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तनावमुक्त वातावरण में कार्य करने हेतु मनोरंजन और विश्राम से जुड़ी सुविधाएं भी प्रस्तावित की गई हैं। सूत्रों का कहना है कि नवरात्रि के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से इस परियोजना की औपचारिक घोषणा और शिलान्यास की अनुमति दी जा सकती है।

### आदित्य वर्ल्ड सिटी में बनेगा विस्तृत साइबर थाना




करंट क्राइम : गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में तेजी से बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक अत्याधुनिक साइबर थाना स्थापित करने की तैयारी भी तेज हो गई है। यह साइबर थाना आदित्य वर्ल्ड सिटी में प्रस्तावित है, जहां इसके लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्रस्तावित थाने में 20 से अधिक निरीक्षकों के लिए जांच कक्ष बनाए जाएंगे। इसके अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और आईपीएस अधिकारियों के लिए अलग कार्यालय और तकनीकी कक्ष भी तैयार किए जाएंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस साइबर थाने को पूरी तरह आधुनिक तकनीक और डिजिटल जांच संसाधनों से लैस किया जाएगा, ताकि साइबर अपराधों की जांच तेज और प्रभावी ढंग से की जा सके। इस परियोजना के निर्माण को लेकर जल्द ही विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर फाइल लखनऊ भेजी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि बनने वाला यह साइबर थाना एनसीआर के सबसे आधुनिक साइबर पुलिस स्टेशनों में शामिल होगा।

## अभी तो तय नहीं है कि बिल्लू यादव का इस्तीफा हो गया है कबूल मगर अगले ही दिन बज गया उनके वार्ड में दावेदारी का बिगुल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में अगर टिकट वाला सीन है तो फिर यहां आपसदारी भी विकट हो जाती है। किस्सा उस वार्ड से है जहां जनता ने निर्दलीय पार्षद को जिताया और दल वालों को हराया। दल वाले दूसरे दल में चले गये और सीन रोचक हो गया। यहां से जो भाजपा पार्षद थे वो जैन दम्पत्ति आम आदमी पार्टी में चले गये और चुनाव लड़ा। यहां से जो कांग्रेस के पार्षद रहे थे वो सतीश चौपड़ा भाजपा में आ गये और भाजपाई हो गये। भाजपा ने इस वार्ड से शरद शर्मा को टिकट दिया और वो भगवा आंधी में भी चुनाव हार गये। किसने किसको हराया ये तो पता नहीं लेकिन यहां की जनता ने एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में धीरेन्द्र यादव बिल्लू को जिताया। धीरेन्द्र बिल्लू निर्दलीय चुनाव जीते और जब भाजपाई होने का चलन चला तो भी वो किसी दल में नहीं गये। ऐसा नहीं कि भाजपा में नहीं गये और अन्य किसी दल में चले गये। वो किसी भी दल में गये ही नहीं। लेकिन शनिवार को उन्होंने एक इतिहास रच दिया। वो नगर निगम की बोर्ड बैठक में गये और जेब में इस्तीफा रख कर ले गये थे। यहां उन्होंने सदन में इस्तीफा दिया और मेयर की टेबल पर रख दिया। इस्तीफा दिया और स्वीकार हुआ या नहीं हुआ, ये नहीं पता। लेकिन एक लॉबी निगम का एक्ट निकाल लाई। वो ये बताने लगी कि जैसे ही सदन में सभापति को इस्तीफा दिया जायेगा। उसी क्षण से इस्तीफा स्वीकार हो जायेगा। यहां बताने वालों ने निगम एक्ट खंगाल लिया। उसकी धारा 29 को निकाल लिया। बताने लगे कि अजी अब वापस नहीं होगा और अब तो ये स्वीकार हो गया है। वहीं इन सब बातों से बेखबर बिल्लू यादव ने किसी से कोई बात नहीं की। सियासत कितनी कठोर होती है इसका पता सोमवार को चला। शनिवार को इस्तीफा हुआ और सोमवार को बजरिया के इस वार्ड में दावेदारी शुरू हो गई। सूत्र बताते हैं कि दावेदार बाहर आ गये और वो नया नियम बताने लगे। किसी ने कहा कि 6 महीने के भीतर चुनाव होता है और हम जरूर करायेंगे। उपचुनाव लड़ने के लिए दावेदारों का एक समूह तैयार हो रहा है। कोई भाजपा से खुद को दावेदार मानकर चल रहा है तो किसी ने कहा कि वो कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेगा। लेकिन यह देखना बेहद हैरानी का विषय रहा कि शनिवार को इस्तीफा हुआ है और सोमवार को वार्ड में दावेदारी की चर्चा होने लगी। दावेदारों ने एक दूसरे को फोन घुमाये और सलाह मशवरा किया कि अगर मैं लड़ जाऊं तो कैसा रहेगा। वहीं सब इस बात को लेकर हैरान कि कम से कम इस्तीफे के कबूल होने का इंतजार तो कर लो। पहले दिन से ही दावेदारी में आ गये। बताते हैं कि इस सीन में एक चेहरा तो ऐसा है जिसने गली गली जाकर कई पुराने चेहरों से सम्पर्क साध लिया है। दावेदारी का शोर सुनाई दे रहा है।

### वो दे रहे हैं चौहान वाले वार्ड का उदाहरण

करंट क्राइम। अभी इस्तीफा मंजूर हुआ है, नहीं हुआ है। ये शासन से रिपोर्ट आनी है। लेकिन जो चुनाव लड़ने के लिए बेताब हैं उन्होंने एक्ट की किताब खोल ली है। वो यहां उदाहरण दे रहे हैं कि जब पटेल नगर वार्ड 19 की पार्षद उर्मिला चौहान का निधन हुआ तो उस वार्ड में तय सीमा के अंदर चुनाव हुआ। वहां से अब रंजीता कल्याणी पार्षद हैं। इसी का उदाहरण दिया जा रहा है और अब बस चुनाव की तैयारी शुरू हो गई लगती है।

### क्या जगत के वार्ड में भी होगा उपचुनाव

करंट क्राइम। नगर निगम के 100 वार्डों को देखें तो अब यहां कुल 98 वार्ड रह गये है। दो वार्डों में उपचुनाव की गूंज सुनाई दे रही है। दिवाली के दौरान जिन लड्डुओं को लेकर पार्षद की एक पोस्ट आई थी। उस वार्ड के पार्षद जगत सिंह का निधन हो गया है ये वार्ड भी खाली चल रहा है और यहां भी उपचुनाव होना है। अगर धीरेन्द्र बिल्लू का इस्तीफा माना जायेगा तो फिर इस वार्ड में भी उपचुनाव होगा। अगर रूल फोलो होते हैं तो फिर दो वार्डों में उपचुनाव हो सकता है।

### मैंने इस्तीफा दिया है संदेश देने के लिए : धीरेन्द्र बिल्लू



करंट क्राइम। निगम की बोर्ड बैठक में इस्तीफा देने वाले पार्षद धीरेन्द्र यादव बिल्लू से करंट क्राइम ने बातचीत की और पूछा कि क्या वो उपचुनाव फिर से लड़ेंगे। इस सवाल ने धीरेन्द्र यादव बिल्लू ने कहा कि मैंने ये इस्तीफा फिर से चुनाव लड़ने या किसी सियासी स्टंट के कारण नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जनता के प्रतिनिधि की बात भी जनता के सदन में नहीं सुनी जायेगी तो फिर कहां सुनी जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी मैं दोबारा चुनाव वाले मुद्दे पर कुछ नहीं कह सकता लेकिन मेरा ये कहना है कि जनता भी अपने जन सेवकों को मौका दे और केवल किसी एक लहर में ना बहे। मैंने जनता की आवाज बनकर इस्तीफा दिया है और मुझे क्षेत्र की जनता पर भरोसा है।

## 11 मार्च से वेव सिटी में बनना शुरू होगा पश्चिमी यूपी का सबसे हाईटेक थाना

### पुलिस कमिश्नर करेंगे शिलान्यास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आधुनिक पुलिसिंग को और मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है।

11 मार्च को वेव सिटी क्षेत्र में बनने जा रहे अत्याधुनिक और बहुमंजिला थाने का शिलान्यास पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा किया जाएगा। यह थाना न केवल गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे हाईटेक और आधुनिक थानों में शामिल होने जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शिलान्यास कार्यक्रम में तीनों जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित कई प्रमुख लोग भी मौजूद रहेंगे।

खास बात यह है कि इस थाने का निर्माण वेव सिटी के बिल्डर द्वारा कराया जा रहा है, जिसे आधुनिक सुविधाओं और हाईटेक सिस्टम से लैस किया जाएगा।

### बहुमंजिला भवन में होगा थाना और एसीपी कार्यालय




करंट क्राइम : वेव सिटी थाना सिटी जोन के अंतर्गत आता है और इसे पूरी तरह आधुनिक ढांचे में तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित भवन में ग्राउंड फ्लोर पर थाना परिसर बनाया जाएगा, जहां पुलिस की दैनिक कार्यवाही और शिकायतों का निस्तारण होगा। इसके ऊपर अपर ग्राउंड फ्लोर पर थाना प्रभारी का कार्यालय, पुलिस कर्मियों के लिए बैरक और आवासीय व्यवस्था तैयार की जाएगी। वहीं फर्स्ट फ्लोर पर एसीपी वेव सिटी का कार्यालय बनाया जाएगा, जिससे पुलिस प्रशासनिक कार्यों को और सुचारु तरीके से संचालित किया जा सके।

### एयर कंडीशन कक्ष और गेस्ट रूम की भी व्यवस्था

करंट क्राइम : इस नए थाने को पूरी तरह हाईटेक और मॉडर्न लुक के साथ तैयार किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार भवन में आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, डिजिटल सिस्टम और बेहतर कार्यस्थल की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे पुलिसिंग को और प्रभावी बनाया जा सके। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पहले ही सभी थानों में आगंतुक कक्ष की व्यवस्था की जा चुकी है। इसी क्रम में वेव सिटी थाने में एक गेस्ट रूम भी बनाया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले अधिकारियों या विशेष आगंतुकों को सुविधा मिल सके। इसके अलावा थाने के सभी कक्ष—चाहे थाना परिसर हो, थाना प्रभारी का कार्यालय, पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था हो या एसीपी का कार्यालय—सभी को पूरी तरह एयर कंडीशन युक्त बनाया जाएगा।



# गर्मी के तेवर हुए तीखे, उत्तर में 35 डिग्री के पार पहुंचा पारा

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में मार्च की शुरूआत के साथ ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उत्तर भारत के कई शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में राजस्थान के झुंझुनूं जिले के पिलानी में सबसे अधिक



40.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार राजस्थान, दक्षिण हरियाणा, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य भारत और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं देश के अधिकतर अन्य हिस्सों में अधिकतम तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से काफी अधिक चल रहा है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य से 5 से 8 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। तीखी धूप के कारण








पहाड़ी इलाकों में भी स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**मैदानी इलाकों में तापमान क्यों तेजी से बढ़ रहा है? :** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में शुष्क हवाएं चलने के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। उत्तर-पश्चिम भारत में रात का तापमान 14 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में यह 18 से 22 डिग्री सेल्सियस और दक्षिण भारत में 22 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

**पश्चिमी विक्षोभ से कब मिलेगी राहत? :** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम बदल सकता है। जम्मू-कश्मीर में 7 से 12 मार्च के बीच हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी इसी अवधि के दौरान हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।



**पूर्वी भारत में मौसम का क्या असर रहेगा? :** पूर्वी भारत के कई राज्यों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। ओडिशा में 7 से 9 मार्च के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। झारखंड में 8 और 9 मार्च तथा बिहार में 9 से 11 मार्च के बीच ऐसी गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

**पूर्वोत्तर राज्यों में कैसा रहेगा मौसम? :** मौसम विभाग के अनुसार पूर्वोत्तर भारत में भी मौसम बदलने के संकेत हैं। अरुणाचल प्रदेश में 8 से 12 मार्च के बीच गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी 9 से 12 मार्च के बीच आंधी-तूफान और बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि मध्य भारत के कई हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

### अगले दिनों में मौसम का रुख कैसा रहेगा?

मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों तक देश के कई हिस्सों में गर्मी बनी रह सकती है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ क्षेत्रों में बारिश और तेज हवाएं चलने से तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। हालांकि कई मैदानी इलाकों में दिन के समय गर्मी का असर अभी भी महसूस होता रहेगा।

# जीत के जश्न में डूबी राजधानी

## दिल्ली ने एक साथ मनाई होली और दिवाली




**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतते ही पूरी दिल्ली में दीपावली जैसा माहौल नजर आया। रविवार शाम से ही टीवी और मोबाइल के सामने बैठे लोगों ने मैच की पहली बाल से ही खेल का लुत्फ उठाया। बैटिंग और बॉलिंग के साथ भारतीय टीम का अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, इसके चलते न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

अहमदाबाद में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में जैसे ही भारत ने जीत दर्ज की, दिल्ली की सड़कों, गली-नुक्कड़ व चौराहे में जश्न का सैलाब उमड़ पड़ा। पटाखों की गूंज, ढोल-नगाड़ों की थाप और देशभक्ति नारों के बीच लोगों ने इस ऐतिहासिक जीत को उत्सव की तरह मनाया।

पूरी दिल्ली में ऐसा जश्न मनाया गया। मानो की दीपावली हो। लोगों ने आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर मुंह मीठा किया। यही नहीं, सड़कों पर निकलकर भारत माता की जय के नारे लगाए। होली के बाद भी एक बार भी लोग एक दूसरे को अबीर लगाते दिखे।

सबसे विशेष बात तो यह रही कि इंडिया गेट पर जीत का लोगों ने जमकर जश्न मनाया। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच एकतरफा मुकाबला देखने को मिला, जहां इंडिया ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी कर न्यूजीलैंड को घुटनों पर का दिया था। दूसरी ओर, कसी हुई गेंदबाजी के चलते न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों की कमर तोड़ पवेलियन का रास्ता दिखाया।

भारतीय बल्लेबाजों के हर छक्के व चौके पर दर्शक व भारतीय समर्थकों रोमांच होकर उछलते दिख रहे थे। कोई गली व सड़कों पर बड़ी टीवी पर, तो कोई मेट्रो, बस या कार में पल-पल की अपडेट ले रहा था। बीच में जरूर तीन चार विकेट एक साथ गिरने के बाद माहौल थोड़ा शांत दिखा।

**अहमदाबाद में मुकाबला दिल्ली में आतिशबाजी :** युवाओं की टोलियां तिरंगा लेकर सड़कों पर नजर आईं।




बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में भारत की जीत खास उत्साह देखते ही बन रहा था। पटाखों की आवाज और खुशी के शोर से दिल्ली का माहौल पूरी तरह उत्सव में बदल गया। नजफगढ़ में रहने वाले क्रिकेट प्रेमी महेश कुमार ने बताया कि भारत-न्यूजीलैंड का मैच हमेशा खास होता है। वहीं, उत्तम नगर में रहने वाले राहुल ने बताया कि मैच खत्म होते ही लोगों ने उत्साह के साथ जश्न मनाया।

**सोशल मीडिया पर भी मनाया गया जश्न :** सोशल मीडिया पर भी दिल्लीवासियों ने जमकर अपनी खुशी जाहिर की। व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बधाइयों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। लोग भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ करते नजर आए और आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं देते रहे।

# एआई तकनीक का दिखा असर, फरवरी में कटे 18,962 चालान

## बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करने वाले सबसे ज्यादा निशाने पर

### हर दिन औसतन 1000 से अधिक कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और अनुशासित बनाने के लिए लागू किए गए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) का असर अब तेजी से दिखाई देने लगा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कैमरों की मदद से फरवरी माह के दौरान कुल 18,962 दोपहिया वाहनों के चालान काटे गए।



इन चालानों में सबसे अधिक कार्रवाई बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ की गई है। यातायात पुलिस के अनुसार शहर के प्रमुख चौराहों पर लगाए गए अत्याधुनिक कैमरे लगातार ट्रैफिक नियमों की निगरानी कर रहे हैं। नियमों का उल्लंघन होते ही सिस्टम स्वतः वाहन की पहचान कर ई-चालान जारी कर देता है। इससे न केवल कार्रवाई की पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि यातायात नियमों का पालन भी पहले की तुलना में अधिक सख्ती से सुनिश्चित हो रहा है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिशेन ने बताया कि गाजियाबाद में 41 प्रमुख चौराहों पर आईटीएमएस के अंतर्गत कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे एआई तकनीक से लैस हैं, जो बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, रेड लाइट जंप, गलत लेन में वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन को तुरंत पकड़ लेते हैं।



उन्होंने बताया कि फरवरी माह में दर्ज किए गए चालानों का आंकड़ा यह दर्शाता है कि शहर में अभी भी बड़ी संख्या में लोग यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। हालांकि तकनीक के माध्यम से लगातार हो रही कार्रवाई के कारण लोगों में जागरूकता भी तेजी से बढ़ रही है।

#### औसतन हर दिन कट रहे 1000 से अधिक चालान

**करंट क्राइम :** यातायात पुलिस के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में गाजियाबाद में औसतन हर दिन 1000 से अधिक चालान काटे जा रहे हैं। इन चालानों में अधिकतर दोपहिया वाहन चालक शामिल हैं जो हेलमेट नहीं पहनते या एक ही वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलते हैं। डीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि आने वाले समय में इस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, जिससे नियमों का उल्लंघन करने वालों पर और अधिक प्रभावी कार्रवाई हो सकेगी। यातायात पुलिस का मानना है कि आईटीएमएस के माध्यम से की जा रही सख्त निगरानी से सड़क हादसों में कमी आएगी और ट्रैफिक व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी। हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की आदत लोगों में विकसित करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

#### पुलिस लाइन में जल्द बैठेगा यातायात निरीक्षक

**करंट क्राइम :** यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस लाइन के गेट नंबर-1 के पास यातायात निरीक्षक (टीआई) का नया केबिन कार्यालय तैयार किया जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद ट्रैफिक प्रबंधन और निगरानी का काम और प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

#### ट्रैफिक बूथों की संख्या बढ़कर सात हुई

**करंट क्राइम :** डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि पहले नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) द्वारा चार आधुनिक ट्रैफिक बूथ उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन अब उनकी संख्या बढ़कर सात हो गई है। इन बूथों के माध्यम से प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर तैनात पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ट्रैफिक नियंत्रण अधिक व्यवस्थित होगा। गाजियाबाद में लागू किया गया आईटीएमएस सिस्टम शहर की यातायात व्यवस्था को हाईटेक और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीक के बढ़ते उपयोग से आने वाले समय में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर और तेजी से कार्रवाई होगी तथा शहर में सुरक्षित और अनुशासित ट्रैफिक व्यवस्था स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# उत्तम नगर हत्याकांड: मुस्लिम महिला, गुब्बारा और मौत!

## पकड़ी गई होली पर छींटें पड़ने को तूल देने वाली सायरा, अब तक 14 पकड़े

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। द्वारका जिला पुलिस ने इस मामले में सात और आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक और नाबालिग को भी पकड़ लिया गया है।

इसके साथ ही इस मामले में अब तक 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और दो नाबालिगों को भी पुलिस ने पकड़ा है। द्वारका जिला पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सायरा उर्फ काली (40), सरिफन (50), सलमा (36), सुहैल उर्फ साहिल (21), समीर चौहान (20), फिरोज (22) और इस्माइल (50) के रूप में हुई है।




सभी आरोपित उत्तम नगर इलाके के रहने वाले हैं। इसके अलावा 14 वर्षीय एक नाबालिग को भी पकड़कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस के अनुसार होली के दिन उत्तम नगर इलाके में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर तरुण कुमार पर हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई थी और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था।




**मुख्य आरोपी के घर पर चल चुका है बुलडोजर :** घटना के बाद प्रशासन ने भी सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य आरोपी के घर पर कार्रवाई की थी। नगर निगम की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपी के मकान के अवैध हिस्से पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया था। कार्रवाई के दौरान इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# महिला दिवस पर गौर होम्स में महिलाओं ने संभाला आरडब्ल्यूए ऑफिस का कार्यभार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौर होम्स सोसाइटी में महिला शक्ति के सम्मान में एक विशेष पहल की गई। इस अवसर पर आरडब्ल्यू ऑफिस का कार्यभार महिलाओं को सौंपा गया, जहां उन्होंने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ कार्यालय का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी की महिलाओं ने प्रशासनिक कार्यों को संभालते हुए यह संदेश दिया कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और नेतृत्व का सफल परिचय देने में सक्षम हैं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका और शांति सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में महिलाओं ने आरडब्ल्यू ऑफिस के विभिन्न कार्यों को संभाला और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

### 60 से अधिक महिलाओं ने लिया हिस्सा

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में सोसाइटी की करीब 60 से 65 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान संस्था की ओर से सभी महिलाओं का फूलों से स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने महिलाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व बेहद महत्वपूर्ण है।

### आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अतुल त्यागी की पहल को सराहा

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के निवासियों ने आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अतुल त्यागी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आरडब्ल्यू ऑफिस का कार्यभार सौंपना एक प्रेरणादायक कदम है, जो समाज में महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देता है।

# खामनेई की मौत पर गुस्सा ईद पर शिया समुदाय नहीं पहनेगा नए कपड़े



**अलीगढ़।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामनेई की मौत पर जहां लोगों में गम है, वहीं शिया समुदाय ने ईद पर खुशियां न मनाने का फैसला लिया है। नए कपड़े नहीं खरीदे जाएंगे। पुराने कपड़े पहनकर ही ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। इस दौरान बांह पर काली पट्टी भी बांधेंगे। 20 या 21 मार्च को ईद होगी। अंजुमन तंजीमुल अजा के महासचिव सैयद नादिर अब्बास नकवी ने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने अपील की है कि अली खामनेई के इंतकाल पर इस बार ईद की पारंपरिक खुशियां नहीं मनाई जाएंगी। लोग केवल ईद की नमाज अदा करेंगे। नादिर अब्बास ने कहा कि शिया समुदाय के लोग ईद पर नए कपड़े नहीं पहनेंगे, बल्कि पुराने कपड़ों में ही नमाज पढ़ने के लिए जाएंगे। साथ ही अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर खामनेई को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# कूनो से खुशखबरी: मादा चीता ज्वाला ने दिया पांच शावकों को जन्म

## तीसरी बार बनी मां, भारत में संख्या पहुंची 53

**श्योपुर।** श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी खुशखबरी सामने आई है। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया है। ज्वाला तीसरी बार मां बनी है और उसके इन नए शावकों के साथ कूनो में चीता परिवार और भी बड़ा हो गया है। पांच शावकों के जन्म के बाद भारत में जन्मे स्वस्थ चीतों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। यह भारत की धरती पर चीतों का दसवां सफल जन्म समूह है, जिसे प्रोजेक्ट चीता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस खुशखबरी की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इसे प्रदेश और देश के लिए गर्व का क्षण बताया।

उन्होंने कहा कि कूनो में चीतों की बढ़ती संख्या प्रोजेक्ट चीता की सफलता और भारत की समृद्ध जैव विविधता का प्रतीक है। नए शावकों के जन्म के साथ अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 53 हो गई है। वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है।

वन विभाग को उम्मीद है कि ज्वाला और उसके शावक स्वस्थ रहेंगे और आने वाले समय में भारत में चीतों की संख्या और तेजी से बढ़ेगी।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 10 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# बोर्ड बैठक में हुआ हाउस टैक्स पर फैसला, नहीं आया है जनता को रास

## व्यापार मंडल से लेकर जनता ने लगा दिये चौराहों पर विरोध वाले बोर्ड













**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स का जिन्न बोतल से बाहर है और फिलहाल ये बोतल में कैद होने को तैयार नहीं है। कोर्ट के फैसले की भी समीक्षा हो रही है और याचिकाकर्ता इसे चुनौती देने की बात कह चुके हैं। वहीं इन सबके बीच पहले डाक बंगले में सांसद, विधायक, मंत्री, मेयर और अधिकारी एकसाथ बैठे। मंथन चिंतन किया और यहां अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिये। उन्होंने बॉल शासन के पाले में डाली और एक तरह से कह दिया कि हम कुछ नहीं कर सकते। फिर भी ये माहौल बनाया गया कि आपसी सहमति बनाई जा रही है और इसी बीच बोर्ड बैठक का ऐलान हुआ।

### जय दीक्षित ने कहा सौंपेंगे ज्ञापन




करंट क्राइम। सोशल मीडिया पर मोर्चा खुल रहा है चौराहों पर मोर्चा खुल रहा है और इसी बीच जय दीक्षित ने गाजियाबाद नगर निगम को सिंडीकेट बताया और कहा कि इस सिंडीकेट द्वारा डीएम सर्किल रेट से गृहकर लूट का तुगलकी फरमान जनता को बर्दाश्त नहीं। उन्होंने आज यानी 10 मार्च को 11 बजे मेयर और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपने की बात कही है। लोगों से अपील की है कि वो हजारों की संख्या में पहुंचे।

बोर्ड बैठक में पूर्व पार्षदों से लेकर वर्तमान पार्षदों ने ये सवाल उठाया कि पिछली बोर्ड बैठक की पुष्टि इस बोर्ड बैठक के एजेंडे में क्यों नहीं है। जबकि ये नियम है।

निगम की हाईवोल्टेज बैठक में विरोध का गुब्बार भी सरकार वाले पार्षदों की ओर से था। यहां पर एक फार्मुला बताया गया और वो कितना समझ में आया, इसका तो पता नहीं लेकिन इस बैठक के अगले दिन ही नदिया पार में इसके साईड इफैक्ट दिखाई दिये। इन्दिरापुरम के व्यापारियों से लेकर क्षेत्र की जनता ने मोर्चा खोला है। उन्होंने ये होर्डिंग लगा दिये कि कर वृद्धि के विरोध में अब व्यापार मंडल भी है। ये होर्डिंग इन्दिरापुरम व्यापार मंडल की ओर से सभी चौराहों पर लगाये गये हैं। माना जा रहा है कि बोर्ड बैठक के बाद भी आग अंदर ही अंदर सुलग रही है। ये फैसला जनता को रास नहीं आया है।

# नगर निगम मुख्यालय में ब्लैक फिल्म पर नगर आयुक्त की सख्ती

## जन सूचना कार्यालय के दरवाजे के शीशे पर लगी ब्लैक फिल्म देख भड़के, तत्काल हटाने के दिए निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को औचक निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कार्यस्थलों की व्यवस्था और पारदर्शिता को लेकर सख्त रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान जब वे ग्राउंड फ्लोर पर स्थित जन सूचना कार्यालय पहुंचे तो वहां दरवाजे के शीशे पर लगी ब्लैक फिल्म देखकर नाराजगी जताई और इसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि कार्यस्थलों पर ब्लैक फिल्म पूर्ण रूप से वर्जित है और इससे कार्यालयों की पारदर्शिता प्रभावित होती है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम मुख्यालय, जोनल कार्यालयों तथा अन्य कार्यस्थलों पर जहां भी अनावश्यक रूप से पोस्टर या ब्लैक फिल्म लगी हो, उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने मुख्यालय के सभी तलों का जायजा लिया और कार्यस्थलों की साफ-सफाई, अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कार्यालयों की व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस दौरान सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित मिले। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और प्रभारी नजारत डॉ. अनुज भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निगम में आने वाले नागरिकों को उनकी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों पर हो रही कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी दी जाए, ताकि नगर निगम की कार्यप्रणाली पारदर्शी और जवाबदेह बनी रहे। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि गाजियाबाद नगर निगम जन समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रहा है और इसके साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान को लेकर नियमित निरीक्षण और सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### पारदर्शिता को लेकर नगर आयुक्त की पहल की सराहना

करंट क्राइम। नगर निगम मुख्यालय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई इस कार्रवाई को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की पहल की सराहना की जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह के औचक निरीक्षण से कार्यालयों में अनुशासन और जवाबदेही बढ़ती है तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलती हैं।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को पाकिस्तान से मिली धमकी

## पेशावर से व्हाट्सएप कॉल कर बम से उड़ाने की मिली चेतावनी

**- आरोपी ने 11 मिनट तक की बातचीत**

**- विधायक बोले हम धमकियों से डरने वाले नहीं**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर को पाकिस्तान से फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई है। बताया गया है कि पाकिस्तान के पेशावर शहर से फरमान नाम के व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल कर विधायक को बम से उड़ाने की धमकी दी। दोनों के बीच करीब 11 मिनट 36 सेकंड तक बातचीत हुई।

विधायक लोनी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके पास लगातार विदेश से कॉल आ रही थीं। जब उन्होंने एक कॉल रिसीव कर बातचीत की तो फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को फरमान बताते हुए धमकी देना शुरू कर दिया।

लोनी विधायक के अनुसार फोन करने वाला व्यक्ति हाल ही में हुए एनकाउंटर और दिल्ली में एक आरोपी के मकान तोड़े जाने की कार्रवाई से नाराज था। उसने बातचीत के दौरान कहा कि जिस तरीके से कार्रवाई की जा रही है, उससे वह बेहद नाराज है। उधर उन्होंने बताया है कि कॉलर ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का नाम लेते हुए भी आपत्ति जताई और धमकी भरे लहजे में की बातचीत की।

फोन कॉल के दौरान आरोपी ने नाजिया को मारने की बात भी कही। विधायक के मुताबिक कॉलर ने कहा कि जिस तरह से सलीम पर हमला हुआ, उसी तरह अगला नंबर नाजिया का भी हो सकता है। इस तरह की धमकी के बाद पूरे मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है।

### पहले भी मिल चुकी हैं पाकिस्तान से धमकियां

करंट क्राइम : लोनी से भाजपा के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि यह पहला मामला नहीं है जब उन्हें पाकिस्तान से धमकी मिली हो। इससे पहले भी पाकिस्तान के कराची से व्हाट्सएप कॉल के जरिए उन्हें धमकी दी गई थी। उस समय भी उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। विधायक का कहना है कि विभिन्न संगठनों की गतिविधियों के चलते वह कई बार इस तरह की धमकियों का सामना कर चुके हैं।

### पुलिस कमिश्नर को देंगे शिकायत पत्र

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि वह इस पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस कमिश्नर को देंगे। साथ ही कॉल की जांच कर कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा को लेकर भी पुलिस से मांग करेंगे। उनका कहना है कि विदेश से इस तरह की धमकी मिलना गंभीर विषय है और इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए।

### हम धमकी से डरने वाले नहीं : नंदकिशोर गुर्जर



करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि उन्हें पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं, लेकिन वह इस तरह की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का नाम लेकर धमकी देने की घटना बेहद गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उधर सुनने में आया है कि लोनी विधायक के पास पाकिस्तान से कॉल आने की जानकारी सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर आ गई हैं। कॉल के स्रोत और कॉलर की पहचान की जांच के लिए तकनीकी स्तर पर भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि विधायक की शिकायत मिलने के बाद पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एसटीपी की राह में आ रहा था जो व्यवधान

## कैबिनेट मंत्री ने बिठाया दोनों पक्षों को और कर दिया समाधान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड से लेकर गली मौहल्ले तक अपडेट रहते हैं। उनका नेटवर्क ऐसा है कि खोड़ा से लेकर शहीद नगर तक उन्हें पता है कि कहां क्या समस्या है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपने विधानसभा क्षेत्र में किसी भी समस्या का समाधान समन्वय के साथ निकालते हैं। खोड़ा में एसटीपी को लेकर राह का व्यवधान आ रहा था। बताते हैं कि खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में थाने के पीछे एसटीपी का निर्माण हो रहा था। सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है और यहां पर सबसे बड़ी समस्या ये आ रहा था कि पहले यहां एसटीपी प्लांट के पास 10 फीट का रास्ता दिया गया था। जबकि स्थानीय लोगों का ये कहना था कि रास्ता कम से कम 50फीट का होना चाहिए। कई बार इस तरफ लोगों ने ध्यान दिलाया। बताते हैं कि नगर पालिका की ओर से ये कह दिया गया कि यहां जो सरकार का आदेश आयेगा उसी का पालन होगा। राह में व्यवधान आ रहा था और खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में प्रस्तावित एसटीपी के निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से असहमति बनी हुई थी। समाधान नहीं निकल रहा था। मामला फिर कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के पास पहुंचा। सुनील शर्मा समाधान के मास्टर माने जाते हैं और उन्होंने फिर अधिकारियों से लेकर दोनों पक्षों को अपने आवास पर बुला लिया। यहां भाजपा के योगेश भाटी पहुंचे, मंडल अध्यक्ष जीतू राय पहुंचे, मुकेश शर्मा पहुंचे। यहां दयाशंकर शुक्ला, कुलदीप चौधरी और सलेख भाटी, रिंकू ठाकुर सहित कई लोग पहुंचे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दोनों पक्षों को बिठाया और पहले उनकी बात सुनी और विस्तार से समझाया कि एसटीपी के निर्माण से क्षेत्र को क्या लाभ होगा और यहां हमें क्या करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने जब दोनों पक्षों को समझाया तो सबसे अच्छी बात ये रही कि दोनों ही पक्षों ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की बात को माना। सहमति बन गई और फिर प्रशासन के अधिकारियों से बात की गई। प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों पक्षों को साथ बिठाकर पूरे विषय को समझाया गया और फिर आपसी संवाद के माध्यम से इस विवाद का सौहार्द समाधान निकाला। घंटो चली चर्चा के बाद विकास और सुविधा का समन्वय बैठा। सौहार्दपूर्ण संवाद के बाद ये निर्णय लिया गया कि निर्धारित स्थान पर एसटीपी का निर्माण भी किया जायेगा। जनता की सुविधा के लिए वहां से रास्ता भी बरकरार रहेगा। अब इस फैसले के बाद वहां जल निकास की समस्या का समाधान होगा और स्थानीय लोगों को आवागमन में कोई परेशानी भी नहीं होगी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि एसटीपी के पास रास्ते के विवाद में दोनों पक्षों में सहमति बन गई है। यह रास्ता पहले से बड़ा होगा जिससे वाहनों के आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा यहां आपसी सहमति के लिए दोनों ही पक्षों का आभार व्यक्त किया और कहा कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र के हित को प्राथमिकता दी और एक मिसाल प्रस्तुत की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास यही रहता है कि अधिक से अधिक लोगों को सुविधा मिले और क्षेत्र का विकास हो।




# 8 महीने पहले वार्ड से हो गया था जो ट्रांसफार्मर चोरी

## नाराज भाजपा पार्षद बैठ गए धरने पर जब सुझली नहीं ये थ्योरी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नदिया पार में भले ही अपराध नियंत्रण का दावा हो, चोरी के खुलासों का दावा हो और पुलिस एक्शन में हाफ एंकाउंटर की बात हो। लेकिन सच ये है कि अगर सरकार का माल चोरी हो जाये तो फिर पुलिस उसे बरामद नहीं कर पाती है। ऐसा ही हुआ है इन्दिरापुरम के वार्ड संख्या 81 में। यहां पर लगभग 8 महीने पहले चोरों ने यहां के पार्क में लगा ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई और लोगों को लगा पुलिस जल्द ही चोरी का खुलासा करेगी। हफ्ता बीता, महीना बीता और फिर धीरे धीरे 8 महीने बीत गये। सरकार का माल चोरी हो गया और पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी। इधर जब ट्रांसफार्मर ही नहीं तो पार्क में जनरेटर भी नहीं लगा और नतीजा ये हुआ कि उस पार्क में पेड़ पौधे सूखने लगे। जिस पार्क में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। पार्क की हालत को देखते हुए और पुलिस की थ्योरी को देखते हुए इस चोरी को लेकर स्थानीय पार्षद धीरज अग्रवाल का धीरज जवाब दे गया। जनता पार्क के लिए पूछ रही है और पार्षद कब तक टालें। भाजपा के पार्षद धीरज अग्रवाल सोमवार को धरने पर बैठ गये। भाजपा के पार्षद धीरज अग्रवाल लगभग 2 घंटे के सांकेतिक धरने पर बैठे। ये एक संदेश था कि अगर जन सुविधाओं को बहाल नहीं किया गया तो अभी दो घंटे का धरना है तो फिर दो दिन का धरना हो जायेगा। अगर रवैये में सुधार नहीं आया तो फिर अनिश्चित कालीन अनशन भी हो जायेगा। सूत्र बताते हैं कि इस मामले को लेकर पार्षद भी अडिग हैं और क्षेत्र में भी प्लान ये चल रहा है कि अधिकारियों तक किस तरह बात पहुंचाई जाये। किस तरह जनता के लिए बने इस पार्क में जन सुविधा बहाल कराई जाये। धरने पर बैठे पार्षद ने कहा कि ये पार्क क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। फिलहाल अभी धरने की बात हुई है और आने वाले समय में यहां कभी भी मोर्चा खुल सकता है।

## संपादकीय

# जंग का आर्थिक असर

कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की वजह से भारत सहित अन्य कई देशों को नए रास्तों की ओर देखना पड़ रहा है। जब दो या अधिक देशों के बीच युद्ध का मोर्चा खुलता है, तो उसका असर सिर्फ इस रूप में सामने नहीं आता कि एक-दूसरे पर किए गए हमले के नतीजे में जानमाल की व्यापक क्षति होती है। बल्कि जंग के लंबा खिंचने पर कई स्तरों पर जरूरी सामग्री की आपूर्ति बाधित होती है और नतीजतन बाजार में लगभग सभी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरूआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। हाल ही में भारत के शेयर बाजार पर भी इसका असर देखा गया, जहां बड़ी गिरावट की वजह से निवेशकों को लगभग उन्नीस लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाजार के इस रुख का असर कहां तक जा सकता है और अगर युद्ध लंबा खिंचा, तो वैसे देशों में कैसी मुश्किल पैदा होगी, जहां की अर्थव्यवस्था और जीवनयापन का एक बड़ा हिस्सा बाहर से आपूर्ति पर निर्भर है।

इजरायली हमले के बाद प्रतिक्रिया में ईरान ने जो रुख अख्तियार किया है, उससे पहले ही कई मुख्य तेल उत्पादक देशों में असुरक्षा का माहौल है। फिर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के रास्ते को ईरान ने जिस तरह बाधित कर दिया है, उससे दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी।

होर्मुज की नाकाबंदी की वजह से उस इलाके में फंसे जहाजों को लंबा रास्ता तय करना होगा। भारत के सामने ही स्थिति यह है कि इसके पास अगले छह से आठ हफ्ते का तेल भंडार है। स्वाभाविक ही भारत को अब तेल के लिए अन्य वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा।राहत की बात यह है कि एक ओर रूस ने भारत को तेल बेचने की पेशकश की, तो दूसरी ओर अमेरिका ने भी इस मसले पर नरम रुख अपनाया है। इसके बावजूद पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध का असर केवल वैश्विक स्तर पर तेल और गैस के बाजारों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि तनाव में बढ़ोतरी कई बड़े उद्योगों के लिए भी चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। खासतौर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आना और इसका असर बाजार में अन्य लगभग सभी सामान पर पड़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, इसके समांतर माल ढुलाई के महंगा होने की वजह से सब्जियों से लेकर दूसरी कई जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ेंगे। निश्चित रूप से इससे प्रभावित देशों को अपने स्तर पर विकल्प और समाधान निकालने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या युद्ध में शामिल देशों को इस बात की फिक्र है कि उनकी वजह से दुनिया भर में आम लोगों के सामने अपनी अनिवार्य जरूरतें पूरी करने के लिए जद्दोजहद के कितने मोर्चे खुल गए हैं।

# पश्चिम एशिया तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 1352 अंक टूटा




## तेल की कीमतें 120 डॉलर पार, युद्ध के असर से सेंसेक्स-निफ्टी में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1352.74 अंक गिरकर 77,566.16 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 422.40 अंक गिरकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने से वैश्विक बाजारों में गिरावट का माहौल देखने को मिल रहा है। इसके चलते सोमवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1352.74 अंक या 1.71 प्रतिशत गिरकर 77,566.16 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 422.40 अंक या 1.73 प्रतिशत गिरकर 24,028.05 पर बंद हुआ।

### भारतीय और वैश्विक बाजारों में इस तीव्र बिकवाली के पीछे पांच प्रमुख कारण ये रहे-

**1. ईरान-इस्राइल युद्ध और बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव**

इस्राइल और ईरान के बीच मिसाइल हमले और तनाव चरम पर है। इस्राइल द्वारा तेहरान के एक तेल डिपो को निशाना बनाए जाने के बाद निवेशकों में दहशत फैल गई है। इसके अलावा, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख- जिसमें उन्होंने ईरान से बिना शर्त सरेंडर की मांग की है और जमीनी हमले की भी चेतावनी दी है- ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है।

**2. कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा उछाल**

युद्ध के कारण 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' से तेल की आवाजाही प्रभावित होने की आशंका है। कुवैत, यूएई और इराक जैसे प्रमुख देशों ने उत्पादन में भारी कटौती की है। इसके परिणामस्वरूप ब्रेंट क्रूड में लगभग 20% से 24% की जोरदार उछाल आई और यह 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। कतर के ऊर्जा मंत्री की इस चेतावनी ने कि कीमतें 150 डॉलर तक जा सकती हैं, बाजार की घबराहट को और बढ़ा दिया है।

**3. विदेशी निवेशकों की निरंतर और भारी निकासी**

भारतीय बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का पलायन जारी है। शुक्रवार को ऋख्र ने कैश, इंडेक्स और स्टॉक फ्यूचर्स मिलाकर कुल 9,459 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली की। यह लगातार छठा दिन है जब विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की है। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (ऊख्र) ने 6,972 करोड़ रुपये की खरीदारी कर बाजार को कुछ सहारा देने का प्रयास किया है, लेकिन विदेशी निकासी का दबाव हावी है।

**4. वैश्विक बाजार में चौतरफा बिकवाली**

कच्चे तेल और युद्ध का असर पूरी दुनिया के बाजारों पर पड़ा है। एशियाई बाजारों में ऐतिहासिक गिरावट आई है; जापान का निक्केई (ढ' ्र 225 ख्३४१ी२) 7.4% और टॉपिक्स 5.8% गिर गया। ऑस्ट्रेलिया का अर 200 4.3%, हांगकांग का हैंग सेंग 2.9% और शंघाई कंपोजिट 1.3% तक टूटे हैं। अमेरिकी बाजारों में भी भारी दबाव है, जहां डाओ फ्यूचर्स में करीब 900 अंकों की गिरावट दिखी और एसएंडपी (र&ढ) 500 फ्यूचर्स 2.2% गिर गए।

**5. सेक्टोरल बिकवाली और बढ़ता 'फियर इंडेक्स'**

बाजार में अनिश्चितता का अंदाजा 'इंडिया विक्स' (वोलैटिलिटी इंडेक्स) से लगाया जा सकता है, जिसमें 21% का तेज उछाल दर्ज किया गया और यह 24.04 के स्तर पर पहुंच गया। घरेलू बाजार में पीएसयू बैंक 5%, ऑटो 4%, फाइनेंशियल 3.7%, मीडिया 3.4% और मेटल सेक्टर 3% गिर गए। एफएमसीजी, आईटी और फार्मा जैसे डिफेन्सिव सेक्टर्स में गिरावट अपेक्षाकृत कम रही, जो निवेशकों के सतर्क रुख को दशार्ता है।

# 1085 करोड़ की धोखाधड़ी में अनिल अंबानी पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी, उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लि. और उसकी पूर्व निदेशक मंजरी अशोक कक्कड़ के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह मामला पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शिकायत पर 5 मार्च को दर्ज किया गया है।



यह शिकायत बैंक की मुंबई में स्ट्रेस्ड एसेट्स मैनेजमेंट ब्रांच के चीफ मैनेजर संतोषकृष्ण अन्नावरपु ने दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर 2013 से 2017 के बीच पीएनबी और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (अब पीएनबी में विलय हो गया है) के साथ धोखाधड़ी की। इससे बैंकों को लगभग 1,085.19 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। नुकसान में पीएनबी के 621.39 करोड़ रुपये और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के 463.80 करोड़ रुपये शामिल हैं। एफआईआर के अनुसार आरोपियों ने कथित तौर पर आपराधिक साजिश रचा और बेईमानी से बैंकों को रिलायंस कम्युनिकेशंस को क्रेडिट सुविधा मंजूरी करने के लिए मनाया। शक है कि ऋण के पैसे दूसरी जगह हस्तांतरित किए गए और इनका दुप्रयोग किया गया। इससे कथित तौर पर आपराधिक विश्वासघात और हेराफेरी हुई।

शिकायत के अनुसार, ऋण खातों को बाद में 2017 में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स के तौर पर क्लासिफाई कर दिया गया, क्योंकि कर्ज लेने वाला वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में नाकाम रहा और ऋण की शर्तों का उल्लंघन किया। बैंक ने जांचकताओं को यह भी बताया कि बीडीओ इंडिया एलएलपी के किए गए फोरेंसिक ऑडिट के नतीजों के बाद फरवरी 2021 में खातों को धोखाधड़ी वाला घोषित कर दिया गया था। ऑडिट में बैंक फंड के कथित डायवर्जन और संबंधित पक्षों के साथ लेनदेन की ओर इशारा किया गया।

# निर्यात बढ़ाने के लिए नई पहल, एसईजेड-2.0 नीति का रोडमैप तैयार करेगी समिति



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों की नीति में सुधार के लिए 17 सदस्यीय समिति बनाई है। यह समिति एसईजेड-2.0 नीति का रोडमैप तैयार करेगी और निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं तथा शुल्क मुक्त आयात जैसे मुद्दों का अध्ययन करेगी।

समिति एसईजेड अधिनियम 2005 की भी समीक्षा करेगी। केंद्र सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों यानी एसईजेड नीति में बड़े सुधार की दिशा में कदम बढ़ाया है।

सरकार ने एसईजेड-2.0 नीति तैयार करने के लिए 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति देश में निर्यात को बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए नई नीति का रोडमैप तैयार करेगी। माना जा रहा है कि इससे उद्योग, निर्यात और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

सरकार के अनुसार यह समिति एक अवधारणा पत्र तैयार करेगी, जिसमें एसईजेड-2.0 के लिए व्यापक सुधारों के सुझाव दिए जाएंगे। समिति में वाणिज्य मंत्रालय, सीमा शुल्क, नीति आयोग, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं।

**एसईजेड-2.0 नीति में किन योजनाओं पर विचार होगा?**

समिति निर्यात को बढ़ावा देने से जुड़ी कई योजनाओं का अध्ययन करेगी। इसमें विशेष आर्थिक क्षेत्र, निर्यात उन्मुख इकाइयां, विनिर्माण और गोदाम संचालन, अग्रिम प्राधिकरण और पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन जैसी योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा शुल्क मुक्त आयात प्राधिकरण जैसे प्रावधानों को भी नीति में शामिल कर उनके सामंजस्य पर विचार किया जाएगा।

**मौजूदा एसईजेड कानून की समीक्षा क्यों की जाएगी?**

समिति के कार्यक्षेत्र में एसईजेड अधिनियम 2005 की समीक्षा भी शामिल है। इसका उद्देश्य यह देखना है कि वर्तमान वैश्विक व्यापार और निवेश माहौल में यह कानून कितना प्रभावी है। समिति यह भी जांच करेगी कि क्या मौजूदा नीतियों में कोई ऐसी खामियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है।

निवेश और रोजगार को बढ़ाने में एसईजेड की क्या भूमिका होगी?

सरकार चाहती है कि एसईजेड के जरिए देश में घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा मिले। समिति यह भी आकलन करेगी कि विशेष आर्थिक क्षेत्र विनिर्माण, सेवाओं, तकनीकी उन्नयन और मूल्यवर्धन को कितना बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही रोजगार सृजन में इनकी भूमिका का भी अध्ययन किया जाएगा, जिसमें एमएसएमई क्षेत्र को मिलने वाले अवसर भी शामिल होंगे।

# तेल कीमतों में उछाल से रुपया टूटा, डॉलर के मुकाबले 92.52 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर की बढ़ती मांग के कारण सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर 92.528 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के युद्ध से ब्रेंट क्रूड 118 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपये पर दबाव बढ़ गया। शुरूआती कारोबार में रुपया 92.20 प्रति डॉलर पर खुला, जल्दी ही गिरकर 92.528 तक पहुंच गया।

**कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उछाल :** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 25% से ज्यादा उछलकर 118 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध ने तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने से भारत जैसे आयातक देशों में डॉलर की मांग बढ़ जाती है।

**विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी**

फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और शेयर बाजार में भारी गिरावट ने भी रुपये की कमजोरी को बढ़ाया है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 18 पैसे गिरकर 91.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

**घरेलू शेयर बाजार में दिखी बड़ी गिरावट**

इधर डॉलर इंडेक्स, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दशार्ता है, 0.66% बढ़कर 99.64 पर पहुंच गया। वहीं घरेलू शेयर बाजार में भी भारी बिकवाली देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 2,400 से ज्यादा अंक गिर गया, जबकि निफ्टी 708.75 अंक टूटकर 24,000 के नीचे पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 6,030.38 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## रोचक तथ्यों का करंट

- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- न्यूयॉर्क शहर का निक नेम बिग एप्पल है।
- नोट कागज का नहीं बल्कि कॉटन का बनता है।
- गुदगुदी प्राचीन चीन में प्रताड़ित करने का एक तरीका था क्योंकि इसके कोई निशान नहीं छूटते।
- दिन में सपने देखना आपके दिमाग के लिये फायदेमंद होता है। इससे आप रचनात्मक बनते हैं।
- 80 प्रतिशत लोग अपनी रातों को पुराने संवाद याद करते हुए बिताते हैं और सोचते हैं कि उन्हें क्या कहना चाहिए था।
- अगर बैकग्राउंड में हल्का संगीत बज रहा हो तो आप अधिक ध्यान से कार्य करते हैं। चार्ज होते हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने से उसकी बैटरी खराब हो सकती है।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- 10 नंबर के एक प्रश्न का जवाब दो
स्टूडेंट- सर प्रश्न पूछो
टीचर- बताओ सबसे ज्यदा नकल कहां होती है..?
स्टुडेंट- सर, व्हाट्सएप पर
टीचर को अब समझ नहीं आ रहा कि जीरो देकर इसको फेल कर दूं या टॉप कर दूं।

गर्लफ्रेंड- सुनो, मेरी स्किन बहुत ऑयली-ऑयली सी हो गई है
बताइए ना, मैं क्या लगाऊं?
बॉयफ्रेंड- ये लो विमबार, पूरी चिकनाई हटा देगा।
फिर बॉयफ्रेंड की हुई जोरदार कुटाई।

मिंकी- भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
चिंकी- भावना, इसमें सब बह जाते हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

10 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन



रितु वर्मा (अभिनेत्री)



रोनव भारद्वाज | नमीता शर्मा | पवन शर्मा | अक्षय गोयल | अर्जुन तोमर



सुरेन्द्र त्यागी वशिष्ठ | धनेश गुप्ता | मुकुल राज पांचाल विश्वकर्मा | दिनेश कुमार | जगमोहन सिंह | हरिशंकर शर्मा | राजेश सैनी



रूप सिंह रावल | सलाउद्दीन सलमानी | हसीन अहमद सैफी | योगी मावी | मोहन चौरसिया | सुखपाल सिंह कश्यप | आदेश कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# विश्वकप में श्रीलंका के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जयसूर्या ने छोड़ा पद, टीम को मिला नया कोच

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 का समापन हो चुका है। मेजबान श्रीलंका के लिए यह टूर्नामेंट निराशा से भरा रहा। टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भी खराब प्रदर्शन के कारण पद से इस्तीफा दे दिया। अब श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सोमवार को पूर्व दक्षिण अफ्रीकी ओपनर और अनुभवी कोच गैरी कर्स्टन को श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। कर्स्टन का कार्यकाल 15 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल 2028 तक रहेगा। एसएलसी के अनुसार कर्स्टन का मुख्य लक्ष्य टीम को आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2007 के लिए तैयार करना होगा। यह टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित किया जाएगा।





## कर्स्टन के पास कोचिंग का अपार अनुभव

बोर्ड ने कहा कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय हाई परफॉर्मेंस सेंटर की संरचना को मजबूत करने और आने वाले बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए टीम को बेहतर बनाने की रणनीति का हिस्सा है। 58 वर्षीय कर्स्टन के पास अंतरराष्ट्रीय कोचिंग का लंबा अनुभव है। उन्होंने 2008 से 2011 के बीच भारतीय टीम को कोचिंग दी थी और उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। इसके बाद कर्स्टन 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच भी रहे। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका तीनों प्रारूपों में दुनिया की नंबर-1 टीम बना था। हाल ही में वह क्रिकेट नामीबिया के साथ सलाहकार के रूप में जुड़े हुए थे।

## कैसा रहा जयसूर्या का कार्यकाल?

जयसूर्या ने 2024 टी20 विश्व कप के तुरंत बाद श्रीलंका के मुख्य कोच का पद संभाला था। उनके कार्यकाल के शुरूआती महीनों में टीम ने कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। अगस्त 2024 में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के खिलाफ वनडे द्विपक्षीय सीरीज जीती। इसके बाद सितंबर में टीम ने द ओवल में टेस्ट मैच में जीत दर्ज की, हालांकि सीरीज गंवा दी थी। इसी वर्ष श्रीलंका ने घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया।

## 2025 नहीं रहा सामान्य

जयसूर्या के कार्यकाल का अंतिम वर्ष निराशाजनक रहा। घरेलू टी20 विश्व कप में श्रीलंका को लगातार चार हार का सामना करना पड़ा और टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। 2025 एशिया कप में भी टीम का प्रदर्शन साधारण रहा, जबकि पिछले साल पाकिस्तान में आयोजित टी20आई त्रिकोणीय सीरीज में भी टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड ने भी श्रीलंका को टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। बता दें कि, जयसूर्या इससे पहले दो अलग-अलग कार्यकाल में श्रीलंका के मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

# आईसीसी टूर्नामेंट में अब सिर्फ भारत का होगा राज', टीम इंडिया की बादशाहत देख खौफ में आए पूर्व इंग्लिश कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर लगातार तीसरी आईसीसी ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया है। टीम इंडिया ने पिछले कुछ सालों से आईसीसी टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यही है कि भारत को पिछले 4 आईसीसी इवेंट में केवल दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे दबदबे को देखते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन ने बड़ी भवविष्यवाणी की है।

एथर्टन का कहना है कि टीम इंडिया का अगला लक्ष्य 2027 विश्व कप जीतना होगा। उनका मानना है कि भारतीय टीम इस कारनामे को अंजाम दे सकती है। भारत की बात करें, तो 2013 से 2023 तक कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट अपने नाम नहीं किया था लेकिन 2024 में टी20 वर्ल्ड कप, 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी और एब 2026 में एक बार फिर से टी20 विश्व कप को अपने नाम कर लिया है। इसी को देखते हुए एथर्टन ने 2027 वर्ल्ड को लेकर अपनी राय दी है।



### माइकल एथर्टन ने की बड़ी भविष्यवाणी

पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल एथर्टन ने स्काई स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा, भारत ने पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंट में 32 में से 30 मुकाबलों में जीत हासिल की है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवर के विश्व कप फाइनल और इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। सफेद गेंद की क्रिकेट में भारत अपना दबदबा बनाए हुए हैं और वे इस जीत के हकदार थे। अब उनके पास चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 वर्ल्ड कप और 50 ओवर वर्ल्ड कप को एक साथ जीतने का मौका है। निश्चित रूप से उनका ये लक्ष्य होगा।

वर्ल्ड कप 2027 साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है। ऐसे में भारत के पास मौका होगा कि वे चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 वर्ल्ड कप और 50 ओवर का विश्व कप एक साथ जीत सकें। टीम इंडिया का अब अगला लक्ष्य वही होने वाला है। भारत शुभमन गिल की कप्तानी में सूर्या की तरह ही वर्ल्ड कप को अपने नाम करना चाहेगी। ये विश्व कप रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए काफी अहम होने वाला है क्योंकि उम्मीद है कि इसके बाद वे इंटरनेशनल क्रिकेट को पूरी तरह से अलविदा कह देंगे।

# स्विस ओपन में क्यों हिस्सा नहीं ले रहीं पीवी सिंधू?

## एचएस प्रणय और श्रीकांत पर होगी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी। वहीं, एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और उन्हें आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापस लेना पड़ा था।

### श्रीकांत का सामना गुनावान से होगा

पुरुष एकल वर्ग में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलयेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरुण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी, जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।

### एशिया चैंपियनशिप से करेंगी वापसी

भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'सिंधू स्विस ओपन नहीं खेलेंगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थीं। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा।' भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिये ही वापसी करेंगी।

पुरुष युगल में सात्विक साईराजरेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा। हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपे के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे। महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपे की चियू पिन चियान से होगा, जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपे की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी।

# ऑल इंग्लैंड के फाइनल में हारे लक्ष्य सेन, खिताब से चूके; लिन चुन-यी ने दी मात

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी शटलर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार गए हैं। पुरुष एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में लक्ष्य को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ 15-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला बर्मिंघम में खेला गया। लक्ष्य सेन के पास न केवल खिताब जीतने बल्कि जनवरी में लिन चुन-यी से मिली हार का बदला लेने का भी सुनहरा मौका था, लेकिन वह इससे चूक गए। इससे पहले सेन को इंडिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में लिन चुन-यी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### सेमीफाइनल में दिखाया जबरदस्त जज्बा

लक्ष्य सेन ने सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को 1 घंटे 37 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-16, 18-21, 21-15 से हराया था। मैच के बाद लक्ष्य सेन ने कहा था कि उन्होंने सिर्फ हर पॉइंट पर ध्यान दिया। तीसरे गेम की शुरूआत में उनके पैरों में ऐंठन भी महसूस हुई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार संघर्ष करते रहे।



### दूसरी बार ऑल इंग्लैंड के फाइनल में पहुंचे थे लक्ष्य

यह लक्ष्य सेन का दूसरा ऑल इंग्लैंड ओपन फाइनल था, जिसमें वह हार गए। इससे पहले 2022 में वह फाइनल तक पहुंचे थे, जहां उन्हें विक्टर एक्सलसेन से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत की ओर से इससे पहले प्रकाश पादुकोड़ ने 1980 में खिताब जीता था। पुलेला गोपीचंद ने 2001 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसके अलावा साइना नेहवाल भी 2015 में फाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं। अगर लक्ष्य सेन आज खिताब जीतते तो ऑल इंग्लैंड का खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी होते।

# तजिंदरपाल सिंह ने बढ़ाया मान, 20 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के 31 वर्षीय एथलीट ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.51 मीटर की दूरी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता।




### अपने प्रदर्शन पर क्या बोले?

पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद तूर ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तूर ने दो अन्य प्रयासों (20.02 मीटर और 20.07 मीटर) में भी 20 मीटर का आंकड़ा पार किया जिससे संकेत मिलता है कि उनका प्रशिक्षण सत्र अच्छा चल रहा था। उनके अन्य तीन प्रयास विफल रहे। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.17 मीटर जून 2023 में बना था। इस सत्र में उनका मुख्य लक्ष्य जापान के आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए साल के अंत तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। पटियाला में शनिवार को आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्ण पदक विजेता दमनीत सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी थीं। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 70.64 मीटर था जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड 70.73 मीटर से कम रहा।

# विश्वकप जीत के हीरो सैमसन को केरल सरकार करेगी सम्मानित

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के हीरो बने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को उनके शानदार प्रदर्शन के बाद अपने गृह राज्य केरल में भव्य सम्मान मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने सैमसन का विशेष सम्मान करने का फैसला किया है। इस बीच सैमसन ने अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपनी पत्नी को खास तौर पर धन्यवाद कहा है।

### सैमसन ने दिलाई भारत को ऐतिहासिक जीत

टी20 विश्व कप 2026 में सैमसन ने शुरूआती मैचों में जगह नहीं बनाई थी। उन्हें ग्रुप स्टेज में सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला। इसके बाद सुपर-8 में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्हें मौका मिला, जहां उन्होंने 15 गेंदों पर 24 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए नॉकआउट मुकाबलों में धमाकेदार प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे अहम मैच में सैमसन ने 50 गेंदों पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंदों पर 89 रन बनाए। फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने 46 गेंदों पर 89 रन की शानदार पारी खेली और भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।



### भारत तीसरी बार जीता टी20 विश्व कप खिताब

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जहां टीम इंडिया ने शानदार जीत दर्ज करते हुए इतिहास रच दिया। भारत टी20 विश्व कप तीन बार जीतने वाली पहली टीम बन गया। सैमसन ने पूरे टूर्नामेंट में पांच मैचों में 321 रन बनाए और भारत की ओर से एक टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया।

### केरल सरकार करेगी सैमसन को सम्मानित

राज्य के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने घोषणा की कि टी20 विश्व कप फाइनल में भारत को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले इस स्टार क्रिकेटर का राज्य सरकार की ओर से भव्य स्वागत और सम्मान किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सैमसन की सफलता पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है और उनकी उपलब्धि ने हजारों युवा क्रिकेटरों को प्रेरित किया है। राजधानी तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### पत्नी के लिए सैमसन का भावुक पोस्ट

इस बड़ी उपलब्धि के बाद सैमसन ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपनी पत्नी को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा कि जिस दिन से वे मिले हैं, तब से लेकर आज तक उनकी पत्नी हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रही हैं। सैमसन ने कहा कि कठिन समय में भी उन्होंने उनका साथ नहीं छोड़ा और हमेशा उन पर विश्वास किया। सैमसन ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्होंने जिस जुनून और सपने के साथ इस पल की कल्पना की थी, आज वह सच हो गया है और इसके लिए वे अपनी पत्नी के समर्थन के आभारी हैं।

# जीत के बाद दिल्ली-यूपी और अहमदाबाद पुलिस के बीच मजेदार नोकझोंक, उच्च अधिकारियों के पास पहुंचा मामला!

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत की शानदार जीत के बाद जहां देशभर में जश्न का माहौल है, वहीं सोशल मीडिया पर भी इसका अलग ही रंग देखने को मिला। भारत की न्यूजीलैंड पर 96 रन की बड़ी जीत के बाद देश के अलग-अलग पुलिस विभागों के बीच ट्विटर पर मजेदार नोकझोंक देखने को मिली। खास बात यह रही कि इस मजाकिया बातचीत के केंद्र में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रहे।

### दिल्ली पुलिस ने किया मजेदार ट्वीट

इस दिलचस्प बातचीत की शुरूआत दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से हुई। दिल्ली पुलिस ने मजाकिया अंदाज में अहमदाबाद पुलिस को टैग करते हुए लिखा, 'प्रिय अहमदाबाद पुलिस, आपको कीवी फैंस की तरफ से गेंद गायब होने की शिकायतें मिल सकती हैं। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है, हमारे बल्लेबाज ही गेंद को स्टैंड में भेज रहे हैं।' यह ट्वीट तेजी से वायरल हो गया और क्रिकेट फैंस को खूब पसंद आया।



### बुमराह की घातक गेंदबाजी

फाइनल मुकाबले में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को संभलने का मौका ही नहीं दिया। उन्होंने चार विकेट लेकर कीवी टीम की कमर तोड़ दी। न्यूजीलैंड की टीम 255 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। बुमराह के अलावा अक्षर पटेल ने भी तीन विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत को आसान बना दिया।

इस जीत के साथ भारत ने इतिहास रच दिया। टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप को सफलतापूर्वक डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। साथ ही यह पहली बार भी था जब किसी मेजबान देश ने अपने ही घर में यह खिताब जीता। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी उन भारतीय कप्तानों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने देश को वर्ल्ड कप जिताया। इस सूची में कपिल देव, एमएस धेनी, रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर जैसे नाम पहले से शामिल हैं।

### अहमदाबाद पुलिस ने भी दिया जवाब

दिल्ली पुलिस के ट्वीट का जवाब देते हुए अहमदाबाद पुलिस ने भी उसी अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, 'इस जानकारी के लिए धन्यवाद। इस मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।' यह जवाब भी सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया और लोगों ने इस मजेदार बातचीत का आनंद लिया।

### यूपी पुलिस भी कूदी मैदान में

कुछ ही देर बाद उत्तर प्रदेश पुलिस भी इस मजेदार ट्विटर बातचीत में शामिल हो गई। यूपी पुलिस ने चुटकी लेते हुए लिखा, 'मामला अब सिर्फ गेंद गायब होने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी बल्लेबाजी लाइन-अप (न्यूजीलैंड की) ही गायब हो गई है।' यह इशारा भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी की ओर था।

# क्रिकेट मैच के दौरान भारत के समर्थन पर हिंसा

## राजस्थान में जश्न के दौरान विवाद, पथराव-गोलीबारी में युवती गंभीर

**राजस्थान।** खैरथल-तिजारा जिले में भारत और न्यूजीलैंड के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान जश्न मनाने को लेकर हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के बाधोड़ा घुमकड़ गांव की बताई जा रही है, जहां फायरिंग के दौरान एक युवती गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई।



### छत पर बैठकर मैच देख रहा था परिवार

परिजनों के अनुसार रविवार रात करीब साढ़े दस बजे परिवार के लोग घर की छत पर बैठकर क्रिकेट मैच देख रहे थे। इसी दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा एक ओवर में लगातार दो विकेट लेने पर घर के लोगों ने खुशी में ताली बजाकर जश्न मनाया। आरोप है कि पास में मौजूद कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई और गाली-गलौज शुरू कर दी, जिससे विवाद बढ़ गया।

### विवाद ने लिया हिंसक रूप

बताया जा रहा है कि देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। कुछ देर बाद करीब 15 से 20 लोग इकट्ठे होकर पीड़ित परिवार के घर के बाहर पहुंच गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान पथराव भी किया गया, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई।

### फायरिंग में युवती के सिर में लगी गोली

आरोप है कि इस दौरान एक व्यक्ति छत पर चढ़ गया और वहां से फायरिंग कर दी। गोली घर में मौजूद 30 वर्षीय भजनो बाई के सिर को छूते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत किशनगढ़ बास अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने युवती के सिर पर नौ टांके लगाए हैं।

घटना में युवती के मामा रिकु के भी घायल होने की जानकारी सामने आई है। इस घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | मंगलवार • 10 मार्च -2026

# गाजियाबाद आसपास




# गाजियाबाद का कायाकल्प : 3,287 करोड़ रुपए के निवेश से संवरेगी शहर की सूरत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल के नेतृत्व में शहर को आधुनिक, हरित और व्यवस्थित बनाने के लिए कई बड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम कर रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष (2026-27) के लिए 3,287 करोड़ रुपए के व्यय का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रमुख विकास परियोजनाएँ

**हरनंदीपुरम आवासीय योजना:** 2,384 करोड़ रुपए के बजट वाली इस योजना के लिए 200+ हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मई 2025 में स्वीकृत इस योजना की डीपीआर जल्द तैयार होगी।

**इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम व एरोसिटी:** राजनगर एक्सटेंशन में 450 करोड़ रुपए की लागत से 55,000 दर्शक क्षमता वाला स्टेडियम बनेगा। इसके चारों ओर 'एरोसिटी' थीम पर आधुनिक टाउनशिप, होटल और कमर्शियल हब विकसित होगा।

**बेहतर कनेक्टिविटी:** राजनगर एक्सटेंशन की जोनल सड़कों का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। साथ ही, एलिवेटेड रोड पर 100 करोड़ रुपए की लागत से नई स्लिप रोड बनाई जाएंगी।

**बाढ़ नियंत्रण:** हिंडन नदी तटबंध परियोजना के जरिए बाढ़ नियंत्रण और नदी किनारे संपर्क मार्गों का विकास किया जाएगा।

## हरित और स्मार्ट गाजियाबाद

**थीम पार्क:** शहर में रामायण, संस्कृति दर्शन और विकसित भारत थीम पर पार्क बन रहे हैं। लोहिया पार्क (53 करोड़ रुपए) और सिटी फॉरेस्ट (55 करोड़ रुपए) का कायाकल्प किया जा रहा है।

**सिग्नल फ्री चौराहे:** शहर के 10 प्रमुख चौराहों (जैसे सेठ मुकन्दलाल, हापुड़ चुंगी) का सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण कर उन्हें जाम मुक्त बनाया जा रहा है।

**मेंटेनेंस:** मधुबन बापूधाम और कोयल एन्क्लेव में सड़कों, सीवर और सबस्टेशन जैसे बुनियादी ढांचे पर 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा रहे हैं।

# नगर आयुक्त ने 178 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी भेंट की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने चतुर्थ श्रेणी के 178 कर्मचारियों को वर्दी वितरित की। पुरुष कर्मचारियों को सफारी सूट तथा महिला कर्मचारियों को सूट दिए गए। इस दौरान नगर आयुक्त ने कर्मचारियों से बातचीत कर उनके हालचाल जाने और कार्यस्थलों को सुविधाजनक बनाए रखने के निर्देश दिए। मौके पर नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनुराग नागर, उपाध्यक्ष मयूर गिरधर, महामंत्री महेंद्र व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में कर्मचारियों को समय से वेतन और बेहतर कार्य सुविधाएं मिल रही हैं।




### किसके नाम पर लखनऊ में जोड़ लिये थे डिप्टी सीएम ने हाथ

लहर है, कश्ती है, तूफान है और इन सबके बीच एक जुबान है तो बता ही देती है कि गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक चल क्या रहा है। एक फैसला ऐसा जिसे लेकर मैम्बरों ने कई सौ किलो मीटर का फासला तय किया और लखनऊ गये। किस्से का रोचक ट्विस्ट ये है कि एक जनप्रतिनिधि का लहजा कतई अफसरी हो गया है और सितम ये है कि एक अफसर ने पोलिटिक्स में सबको फेल कर दिया है। बहरहाल इन सबके बीच किस्सा लखनऊ से निकला। बताने वाले ने बताया कि हमने भी पूरे जोर लगाये और उन्होंने भी बात ध्यान से सुनी। उन्होंने एक डिप्टी सीएम की तारीफ की और कहा कि उन्होंने हमारे कहने से तीन फोन किये। मगर चौथी बार उन्होंने हमें देखकर हाथ जोड़ लिये और कहा कि भई वो नहीं सुन रहे तो मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। तीन बार कह चुका हूं और अब मेरा भी कोई मयार है।

### घर जाने के बाद वो जूस लेकर आये थे आमरण अनशन करने के लिए

वैसे तो उस पार्क में हर समस्या का समाधान होता है। पैंठ बाजार वाले आये तो उनका समाधान हुआ। अचानक से साहब आ गये और कह दिया कि निगम देखे, मेयर देखें मगर पुलिस का इंटरफेयर नहीं। ई-रिक्शा वाले भी पहुंचे तो बात बन गई। बताते हैं कि अनशन वाले मूर्ति के आगे ना आकर पीछे बैठ गये। पहले तकरार ही कार को लेकर बाहर हुई। जिन्हें लग रहा है कि वो आमरण अनशन पर थे तो पार्क के मालियों ने बताया कि शाम को 7 बजे टेंट दरी समेट कर वो घर चले गये थे। क्लाईमेक्स वाली सुबह जब वो पहुंचे तो 12 दरोगा पहले से ही उनका इंतजार कर रहे थे। खाकी वाले भी हैरान रह गये, अनशन वालों की तैयारी को देखकर। वो बता रहे हैं कि जूस पुलिस ने नहीं मंगवाया था और जूस किसी नेता नेभी नहीं मंगवाया था। जूस तो वो अपने साथ लेकर यहीं घूम रहे थे। जूस धरने पर बैठे किसी को नहीं पिलाया गया। धरने वाली दुकान तो लगने ही नहीं दी और खड़े खड़े ही जूस पिलाकर उन्हें बैक टू होम किया गया था। माली से लेकर दरोगा जी हैरान है कि ऐसा अनशन हमने नहीं देखा जिसमें दरी, टेंट तो सुने थे मगर अनशन वाले जूस भी घर से लेकर आयेंगे ये पहली बार देखा।

### केसरिया लस्सी में खटास और हाथ वालों की लस्सी में मिठास

फूल सपोटर के साथ सितम ये हुआ है कि वोटर भी वो बना है और रूल भी उसे ही बताये गये हैं। जब लोक वालों की लस्सी पर इनकम टैक्स वाले पहुंचे तो हिमायत में ना लोकसभा वाले आये और ना विधानसभा वाले आये। इनकम वाले संडे की दोपहर 12 बजे आ गये और मंडे की दोपहर 2 बजे वहां से गये। लस्सी, रबड़ी, बर्फी का पूरा हिसाब जोड़ने के बाद ही वहां से प्रस्थान किया। अंदाज लगाया गया कि मामला रूटिन नहीं है और सीजन से पहले ही बिना रीजन रेड हो गई। यहां चुटकी भी फूल वालों ने ली है और उन्होंने कहा कि यही तो रूल वाली सरकार है। अब देख लो हाथ वाले की लस्सी में फुल मिठास है। वहां ना फूड का डर है ना इनकम का डर है। ये तो केसरिया बादल हैं बसरेंगे भी वहीं जहां से वोटों की बरसात हुई है।

# प्रदेश में 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' व होमस्टे नीति-2025 लागू पर्यटन विभाग ने शुरू की जागरूकता पहल

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार का अवसर, इच्छुक भवन स्वामी करा सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने और उन्हें स्थानीय खान-पान, रहन-सहन व संस्कृति से परिचित कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' एवं होमस्टे नीति-2025 लागू की गई है। इस नीति के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए आय के नए स्रोत भी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश भर के इच्छुक भवन स्वामियों और पेइंग गेस्ट हाउस संचालकों को इस नई नीति के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' योजना के अंतर्गत भवन स्वामी स्वयं निवास किए बिना केयरटेकर के माध्यम से इकाई का संचालन कर सकता है। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति न्यूनतम तीन वर्ष की लीज पर भवन लेकर भी पंजीकरण करा सकता है। वहीं होमस्टे नीति के तहत भवन स्वामी का उसी भवन में निवास करना अनिवार्य होता है और वह अपने नाम से ही पंजीकरण करा सकता है।

दोनों नीतियों के तहत भवन स्वामी या केयरटेकर के उपयोग वाले कमरों के अतिरिक्त न्यूनतम एक और अधिकतम छह कमरों का पंजीकरण कराया जा सकता है। सुविधाओं के आधार पर इन इकाइयों को गोल्ड और सिल्वर श्रेणी में विभाजित किया गया है। गोल्ड श्रेणी के लिए 3000 रुपये और सिल्वर श्रेणी के लिए 2000 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे के लिए अधिकतम छह कमरे या एक डॉरमेट्री (12 बेड) के लिए मात्र 100 रुपये पंजीकरण शुल्क रखा गया है।

पंजीकरण के लिए आधार कार्ड या पासपोर्ट, पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र, स्वामित्व अभिलेख, निवास प्रमाण पत्र तथा केयरटेकर का पहचान पत्र आदि दस्तावेज अनिवार्य हैं।

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से https://up-tourismportal.in/ वेबसाइट पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत (मो. 7302185032) से संपर्क किया जा सकता है।

### क्या है 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' और होमस्टे नीति

**करंट क्राइम।** पर्यटन विभाग की इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को आय का अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत भवन स्वामी अपने घर या भवन के कुछ कमरों को पर्यटकों के लिए किराये पर उपलब्ध करा सकते हैं। 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' योजना में भवन स्वामी के लिए उसी भवन में रहना आवश्यक नहीं होता, जबकि होमस्टे में भवन स्वामी का उसी घर में रहना अनिवार्य होता है। पर्यटक यहां ठहरने के साथ स्थानीय भोजन, संस्कृति और जीवनशैली का अनुभव कर सकते हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आय में भी वृद्धि होगी।

# 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, विभिन्न विभागों के मामलों का होगा त्वरित निस्तारण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद की ओर से आयोजित इस लोक अदालत में न्यायालयों और विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़े कई प्रकार के मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा, जिससे लोगों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके।




लोक अदालत में न्यायालय स्तर पर आपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 से संबंधित मामले, बैंक वसूली प्रकरण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर से जुड़े मुकदमे, वैवाहिक और पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, पानी के बिल से जुड़े विवाद (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता से जुड़े मामले तथा अन्य सिविल वाद जैसे किराया, निषेधाज्ञा और अनुपालन से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिजली से जुड़े कंपाउंडेबल मामले, सेवा से संबंधित वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, ई-ट्रैफिक चालान तथा मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े मामलों को भी लोक अदालत में रखा जाएगा।

प्रशासनिक स्तर पर उपजिलाधिकारी न्यायालय में राजस्व वाद, भरण-पोषण संबंधी प्रकरण, पारिवारिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और हैसियत प्रमाण पत्र से जुड़े प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाएगा। तहसीलदार न्यायालय में राजस्व संहिता की धारा 34 के तहत दाखिल-खारिज वाद तथा धारा 67 के अंतर्गत ग्राम सभा भूमि से बेदखली से जुड़े मामलों का निपटारा किया जाएगा, जबकि नायब तहसीलदार स्तर पर भी दाखिल-खारिज के मामलों का समाधान किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें, पेंशन समय पर न मिलने या योजनाओं का लाभ न मिलने से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित प्रकरणों तथा वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं से जुड़े घरेलू हिंसा और अन्य सहायता से संबंधित मामलों पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बाट एवं माप विभाग में तौल-कांटों की वैधता अवधि समाप्त होने और पैकेज्ड कमोडिटी से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। नगर पंचायतों में हाउस टैक्स, जलकल, सफाई, मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली तथा अतिक्रमण से जुड़े मामलों का समाधान किया जाएगा।

### ट्रैफिक चालान भरने का मिलेगा मौका

**करंट क्राइम :** वहीं बैंक स्तर पर एनपीए खातों से जुड़े विवाद, पुलिस विभाग में ट्रैफिक चालान से संबंधित वाद, बीएसएनएल में टेलीफोन से जुड़े मामले, जिला पूर्ति विभाग में राशन कार्ड से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण भी लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। नगर निगम गाजियाबाद द्वारा हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और सीवर टैक्स से जुड़े मामलों तथा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण से जुड़े मामलों को भी इस लोक अदालत में रखा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के सचिव ने आम नागरिकों और वादकारियों से अपील की है कि वे 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का निस्तारण कराएं और इस व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे समय और धन दोनों की बचत के साथ विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सकेगा।

# कादराबाद रेलवे फाटक पर अंडरपास का काम शुरू कराए प्रशासन : बाबा परमेन्द्र आर्य




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बाबा परमेन्द्र आर्य के नेतृत्व मे काफी संख्या मे गांव रोरी व आसपास के किसानों ने तहसील पहुंच कर नारेबाजी की व उपजिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गांव कादराबाद से गांव रोरी को जाने वाले रास्ते पर रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाये जाने की जानकारी रेलवे अधिकारियों से मिली। इस जानकारी के बाद ग्रामीणों ने रोष जाहिर करते हुये कहा कि पहले से ही मोहिउद्दीनपुर रेलवे फाटकों पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है। जिस कारण वहां जाम लगा रहता है। दूसरा हापुड़ रोड राज चैपले पर रेलवे फाटकों पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है।

जिस कारण वहां पर भी जाम लगा रहता है। यदि अभी कादराबाद फाटकों पर भी अंडरपास का काम शुरू कर दिया गया, तो आवगमन बंद हो जायेगा। ग्रामीणो ने कहा जब तक मोहिउद्दीनपुर ओवरब्रिज से आवागमन शुरू नही हो जाता है, तब तक कादराबाद फाटकों पर अंडरपास बनाने का कार्य नही कराया जाये। उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कहा कि जल्दी ही किसानों व रेलवे अधिकारियों की एक बैठक बुलाकर समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस दौरान भाकियू नेता पप्पी नेहरा, कुलदीप त्यागी तलहेटा, राम नारायण, मनोज मुकदम, मिनु चैधरी, मनोज कुमार, दीपक कुमार, नितिन शर्मा एडवोकेट, कपिल कुमार, प्रकाश चैधरी, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह व संजू श्योराण आदि उपस्थित रहे।

# श्रवण बाधित बच्चों का होगा निःशुल्क कोक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन

### जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने दी योजना की जानकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रवण बाधित बच्चों के लिए सरकार द्वारा कोक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन कराया जा रहा है, जिसकी लागत लगभग 6 लाख रुपये होती है और यह पूरी तरह निःशुल्क कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ ऐसे बच्चों को मिलेगा जिनकी उम्र पाँच वर्ष से कम हो और परिवार की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 92 हजार तथा शहरी क्षेत्र में 1.12 लाख रुपये से अधिक न हो।

योजना का लाभ लेने के लिए अभिभावक बच्चे का दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और मोबाइल नंबर के साथ विकास भवन गाजियाबाद स्थित कार्यालय (कमरा नंबर 132) में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 8791491011 पर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।




### किस थाने पर जल्द मिलेगा आईपीएस को मौका

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इसी महीने में कई बदलाव आने वाले हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि जल्द ही एक अंडर ट्रेनी आईपीएस अधिकारी को थाने का चार्ज भी मिलेगा। पुलिस सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि वर्तमान में अंडर ट्रेनी महिला आईपीएस अधिकारी की अलग-अलग अधिकारियों के साथ ट्रेनिंग चल रही है और अब जल्द ही वह थाना प्रभारी वाली जिम्मेदारी भी संभालने को तैयार हैं। बताया जा रहा है कि जोन के थाने में तैनाती दी जाएगी। उनकी पोस्टिंग किस जोन में होगी यह महत्वपूर्ण विषय रहने वाला बताया जा रहा है। अब देखा जाएगा कि वह किस जोन में भेजी जाती हैं। वैसे पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले जोन की चर्चा सबसे अधिक हे। तो नदिया पार का भी चांस बन सकता है। वहीं पुराने सिस्टम और पुलिस कमिश्नरेट का रिकॉर्ड बताता है कि देहात वाला थाना और खेत के बराबर वाला थाना दो प्रमुख थाने रहेंगे, वैसे इस बार देखा जाएगा कि किस थाने में अंडर ट्रेनी महिला आईपीएस अधिकारी को तैनात किया जाता है। वैसे भी वर्तमान में वह यहां तमाम तरीके की जिम्मेदारियों और महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने ना सिर्फ नदिया पार में एक ऐसा सनसनीखेज और बड़े कांड का खुलासा करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तो फुल एनकाउंटर के मामले में उनकी मौके पर मौजूदगी बता रही थी कि वह सब कुछ सीखने में लगी हुई हैं। कुल मिलाकर किसी भी आईपीएस अधिकारी के लिए थाना प्रभारी का चार्ज मिलना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया रहती है। साथ ही उनको आगे के सफर के लिए यहां से कई तरीके की जानकारी, एक्सपीरियंस और वर्किंग परफॉर्मेंस पर फोकस रहता है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि वैसे मैडम आईपीएस अधिकारी ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से बेहतर तालमेल और अपनी वर्किंग को सुधार लाने के लिए तमाम ज्ञान अर्जित किया है, जिनका रियल टेस्ट होगा। अब यह देखा जाना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा कि उनकी पोस्टिंग किस जोन में होती है और किस सर्किल में उनको प्रभार दिया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारियों की अच्छी खासी संख्या है और मैडम को यहां सीखने का भरपूर मौका भी मिलेगा। कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट की पुलिसिंग फास्ट और बेहद टेक्निकल हो रही है।



# एहसास महिला समिति ने मनाया नौवां महिला दिवस वरिष्ठ महिलाओं का हुआ सम्मान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एहसास महिला समिति द्वारा अपना नौवां महिला दिवस समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ दुल्हन बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया। आयोजन विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठ महिलाओं को समर्पित रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक वरिष्ठ महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित कर उन्हें एहसास समिति के स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 मंजू शिवाच रहीं, जबकि पिंक बूथ गाजियाबाद आयुक्तालय की मोदीनगर की अधिकारी उषा मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मंच संचालन एहसास की वरिष्ठ सदस्या सृष्टि गौर द्वारा किया गया। संस्था की सचिव तारिका माटा ने बताया कि एहसास महिला समिति का उद्देश्य महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ाना और उन्हें समाज में सशक्त व सम्मानित स्थान दिलाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता बक्शी, बिंदु आत्रेय, वनीता खन्ना, नव्या विज, युवाक्षी कालरा, पूजा शर्मा, अपराजिता सिंह व आस्था गौर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एहसास महिला समिति की संस्थापक अनुप्रीत कौर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# भक्तिमय माहौल में निकली भगवान जगन्नाथ की कलश यात्रा, 351 महिलाओं ने उठाया कलश





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन क्षेत्र में सोमवार को श्री जगन्नाथ भगवान जी के अष्टम वार्षिक जन्मोत्सव समारोह का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा का नेतृत्व 351 माता-बहनों ने किया, जो सिर पर मंगल कलश धारण कर भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रही थीं।

यात्रा मुख्य रूप से शिव चौक से शुरू होकर एस.एम. वर्ल्ड, बी-ब्लॉक चंद्रशेखर पार्क, सी-ब्लॉक इतवार बाजार और गणेश पुरी सी-ब्लॉक पीपल वाली गली से गुजरी। इसके बाद एक्स-1 पुलिस थाने से होते हुए पुनः शिव चौक पर पहुँचकर संपन्न हुई। पूरी यात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय संगीत और 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, निलेश मित्तल, राधे श्याम बघेल, निटू गुप्ता, राधे श्याम, किरणपाल भाटी आदि।

समिति के सदस्यों ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगे भी धार्मिक अनुष्ठानों और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता के लिए उनकी बेटी उनके सपनों का संसार होती है। पिता एक ऐसा शख्स जो बेटी के लिए दुनिया की सारी खुशियां जुटाता भी है और उस पर लुटाता भी है। शिक्षाविद् रामअवतार जिंदल की लाडली बेटी डॉ हनी जिंदल के जन्मदिन पर उनके पापा रामअवतार जिंदल ने उनके लिए दुनिया की सारी खुशिया मांगी और अपनी बेटी के उत्तम स्वास्थ्य और सतत सफलता की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दीं। पिता और पुत्री के रिश्ते की केमेस्ट्री को बेहद खूबसूरत अंदाज में बयां करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान के सर्वोच्च नेता बने खामेनेई के बेटे मोजतबा, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी बधाई



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त होने पर बधाई दी है। क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने विश्वास जताया कि मोजतबा अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते रहेंगे।

पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को 10 दिन हो गए हैं। यह तनाव हर दिन के साथ और गहराता जा रहा है। इस संकट के बीच ईरान में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को बधाई दी है।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने खामेनेई के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया है। पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत होंगे। पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा है।



### इस्राइली सेना का मोजतबा को लेकर बड़ा दावा

इस बीच, इस्राइली सेना ने एक बड़ा दावा किया है। इस्राइली सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि मोजतबा खामेनेई हाल ही में हुए एक हवाई हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे। हालांकि, इस्राइली सेना ने यह भी माना है कि मोजतबा अभी जिंदा हैं। इससे पहले ईरानी विपक्षी चैनल ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया था कि मोजतबा को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुन लिया गया है। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के वरिष्ठ धर्मगुरु मोजतबा को तुरंत नेता घोषित करने में झिझक रहे थे। उन्हें डर था कि ऐसा करने पर अमेरिका और इस्राइल उन्हें सीधे निशाना बना सकते हैं।

### कैसे शुरू हुआ था यह संघर्ष

यह संघर्ष 10 दिन पहले तब शुरू हुआ था जब अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। 28 फरवरी को हुए इन हमलों में ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। उनकी मौत के बाद से ही पश्चिम एशिया में तनाव अपने चरम पर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। ईरान तब से लगातार इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन से हमले कर रहा है।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का पहाड़ ढहा, कई लोग मलबे में दबे, 5 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में कचरे का विशाल ढेर गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हैं। भारी मशीनों और खोजी कुत्तों की मदद से बचाव कार्य जारी है। यह साइट क्षमता से अधिक भर चुकी है, जिसके चलते यह हादसा हुआ है।

इंडोनेशिया के सबसे बड़े लैंडफिल में कचरे का एक बड़ा ढेर ढह गया। इस घटना में अबतक पांच लोगों की मौत हो गई है। कई अन्य लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह हादसा रविवार देर रात हुई भारी बारिश के कारण हुआ। यह हादसा राजधानी जकार्ता के पास बेकासी शहर में स्थित बंटारगेबांग वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी में रविवार देर रात हुआ। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए 300 से ज्यादा बचाव कर्मियों को तैनात किया गया है। बचाव दल भारी मशीनों और खोजी कुत्तों की मदद ले रहे हैं। जकार्ता सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस की प्रमुख देसियाना कार्तिका




बहारी ने बताया कि कचरे के ढेर काफी अस्थिर हैं, इसलिए बचाव दल बहुत सावधानी से काम कर रहे हैं।

हादसे का शिकार हुए लोगों में दो कचरा ट्रक ड्राइवर और दो खाने की दुकान चलाने वाले लोग शामिल हैं। ये लोग लैंडफिल के पास काम कर रहे थे या आराम कर रहे थे। राहत की बात यह रही कि चार लोग इस हादसे से सुरक्षित बचने में कामयाब रहे। पुलिस, सेना और वॉलंटियर्स की टीमें अभी भी तीन लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अभी यह डेटा इकट्ठा किया जा रहा है कि मलबे के नीचे कितनी गाड़ियां और मजदूर फंसे हो सकते हैं।

नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के वीडियो में खुदाई करने वाली मशीनें कचरे के ढेर को हटाती दिख रही हैं। वहां कई ट्रक और खाने की छोटी दुकानें दबी हुई हैं। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बचाव टीमों को सख्त सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में बारिश की संभावना जताई है।

बंटारगेबांग लैंडफिल में जकार्ता का ज्यादातर घरेलू कचरा आता है। यह जगह अपनी क्षमता से बहुत ज्यादा भर चुकी है और इसे लेकर पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी। इससे पहले जनवरी में फिलीपींस में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। साल 2005 में इंडोनेशिया के बांडुंग में भारी बारिश के बाद कचरा गिरने से 31 लोगों की जान गई थी।

सरकार ने पिछले साल के अंत में इस लैंडफिल को साफ करने के लिए दो साल का समय तय किया था। नए नियमों के तहत अब कचरे को बिजली या ऊर्जा में बदलने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि खुले में कचरा फेंकने की पुरानी व्यवस्था को बदला जा सके।

# नेपाल संसदीय चुनाव में 14 महिलाओं की जीत, आरएसपी ने 13 सीटों पर दर्ज की बड़ी सफलता




**काठमांडू।** नेपाल के हालिया संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गईं। इनमें से 13 सीटें राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीतीं। हालांकि, संविधान में 33% महिला प्रतिनिधित्व का प्रावधान होने के बावजूद यह आंकड़ा अभी भी कम है।

नेपाल में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं।

### संविधान में 33% प्रतिनिधित्व का प्रावधान

नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन अब तक राजनीतिक दल इस लक्ष्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत इस बार 14 महिलाओं की जीत के साथ उनका प्रतिनिधित्व लगभग 8.48 प्रतिशत तक पहुंचा है।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटें हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से संसद में आते हैं।

### प्रमुख जीतों में बड़े नेताओं को मिली हार

इस बार चुनाव में कई महिला उम्मीदवारों ने बड़े नेताओं को हराकर जीत हासिल की। इंदिरा रनमागर ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीपीएन-यूएमएल के नेता और भंग हुई प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देव राज घिमिरे को 48,742 वोटों के अंतर से हराया। रनमागर को 60,110 वोट मिले, जबकि घिमिरे को 11,368 वोट प्राप्त हुए। इसी तरह रुबिना आचार्य ने नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला को बड़े अंतर से पराजित किया। आचार्य को 55,513 वोट मिले, जबकि कोइराला को 12,850 वोट मिले।

### प्रचंड की बेटी को भी मिली हार

एक और महत्वपूर्ण मुकाबले में सोबिता गौतम ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ह्यप्रचंडद्ध की बेटी रेनु दहल को हराया। गौतम को 59,277 वोट मिले, जबकि भरतपुर महानगर की मेयर पद से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने वाली रेनु दहल को 20,615 वोट प्राप्त हुए।

### अन्य महिला विजेता

इस चुनाव में जीत दर्ज करने वाली अन्य महिलाओं में निशा डांगी, आशा झा, पुष्पा कुमारी चौधरी, गौरी कुमारी, नीतिमा भंडारी, आशिका तामांग, रंजू न्यूपाने, तोशिमा कार्की, बीना गुरूंग और कोमल ग्यावली शामिल हैं। इसके अलावा 45 वर्षीय वासना थापा नेपाली कांग्रेस की ओर से जीतने वाली एकमात्र महिला उम्मीदवार रहीं।

# ईरान में सत्ता परिवर्तनः मोजतबा खामेनेई नए सर्वोच्च नेता बनने पर, ट्रंप ने जताई नाराजगी

**ईरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। इसी बीच मोजतबा खामेनेई के चयन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली प्रतिक्रिया में दी। उन्होंने कहा कि वे इस से खुश नहीं हैं। उन्होंने फॉक्स न्यूज के एंकर ब्रायन किल्मीड से बात करते हुए कहा, ईरान ने मोजतबा खामेनेई को अपना नया सर्वोच्च नेता चुना है। मैं खुश नहीं हूं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले भी कहा था, 'खामेनेई का बेटा मेरे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम चाहते हैं कि ईरान में ऐसा व्यक्ति सत्ता में आए जो शांति और सौहार्द लाए।' ट्रंप ने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा था कि, 'मेरी मंजूरी के बिना कोई नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।'

### कभी किसी सरकारी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ा

ईरानी सरकारी टीवी ने सोमवार को सर्वोच्च नेता का एलान किया। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया, जब अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद युद्ध शुरू हुआ और अब एक



नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया है। मोजतबा खामेनेई को लंबे समय से इस पद का संयुक्त अनुमोदन माना जा रहा था। उल्लेखनीय है कि मोजतबा ने इससे पहले भी कभी किसी सरकारी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ा था और न ही उन्हें किसी पद पर नियुक्त किया था।

### ईरान की ताकतवर धार्मिक विशेषज्ञ सभा ने किया मोजतबा का चुनाव

ईरान की 88 सदस्यीय धार्मिक विशेषज्ञ सभा ने मोजतबा को देश का नया सुप्रीम लीडर चुना। ईरान की धार्मिक विद्वान सभा, धार्मिक विद्वानों का समूह है, जो सर्वोच्च नेता का चयन करता है। सरकारी टीवी ने एक बयान पढ़कर सुनाया जिसमें कहा गया कि उन्हें मजबूत समर्थन के आधार पर चुना गया है और देशवासियों से उनके पीछे एकजुट होने की अपील की गई। साथ ही तेहरान के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के जश्न मनाने के दृश्य भी दिखाए गए।

लगभग आधी सदी पहले हुई इस्लामी क्रांति के बाद से सर्वोच्च नेता के पद पर सत्ता का यह केवल दूसरा हस्तांतरण है। मोजतबा खामेनेई पिछले कई दिनों से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे। अब वह ईरान की सत्ता व्यवस्था के केंद्र में होंगे और राज्य के सभी महत्वपूर्ण मामलों पर अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा। वे सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक संगठन रिवोल्यूशनरी गार्ड के सर्वोच्च कमांडर भी होंगे।

# बंगबंधु का ऐतिहासिक भाषण चलाने पर छात्रों की पिटाई अवामी लीग ने बीएनपी सरकार पर साधा निशाना

**ढाका।** बांग्लादेश अवामी लीग ने सोमवार को कहा कि ढाका विश्वविद्यालय के कई छात्रों और अन्य लोगों के साथ मारपीट की गई और उन्हें यातना दी गई। उन्हें केवल इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि वे बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान का सात मार्च 1971 का ऐतिहासिक भाषण चला रहे थे। अवामी लीग ने तारीक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की आलोचना की।

अवामी लीग ने कहा कि मौजूदा सरकार उसी रास्ते पर चलती हुई दिखाई दे रही है, जिस पर पहले मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार चली थी। यूनुस की अंतरिम सरकार के 18 महीने के कार्यकाल में बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति युद्ध के इतिहास को तेजी से कमजोर किया गया।

पार्टी ने आरोप लगाया कि बंगबंधु के सात मार्च के ऐतिहासिक भाषण को चलाने को अपराध मानते शाहबाग थाने ने शनिवार को ढाका विश्वविद्यालय के कई छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। पार्टी ने यह भी दावा किया कि गिरफ्तारी से पहले छात्रों के साथ चरमपंथियों ने दुर्व्यवहार किया और उन्हें यातना दी गई।






अवामी लीग के मुताबिक, कई रिक्शा चालकों को भी धनमंडी 32 स्थित बंगबंधु के घर से गिरफ्तार किया गया है। यह वही ऐतिहासिक जगह है, जिस पर पहले ही चरमपंथियों ने हमले किए हैं और तोड़फोड़ की है और इसे खंडहर में बदल दिया है। बताया जा रहा है कि ये लोग बांग्लादेश के राष्ट्रपति की स्मृति को सम्मान देने के लिए वहां पहुंचे थे।

पार्टी ने कहा कि बाद में इन लोगों को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दर्ज मामलों में अदालत में पेश किया गया। इसी तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में भी कई नेताओं और कार्यकताओं को इसी कारण परेशान किया गया और उन पर भीड़ के हमले भी हुए। पार्टी ने सवाल उठाया कि क्या देश में सच में कोई काम करने वाली सरकार है।

1971 में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध की शुरूआत करने वाले इस भाषण के महत्व को बताते हुए अवामी लीग ने कहा कि बांग्लादेश राष्ट्र की स्थापना के लिए निर्णायक संघर्ष 7 मार्च 1971 को शुरू हुआ और 10 जनवरी 1972 को खत्म हुआ। 7 मार्च को बंगबंधु के ऐतिहासिक भाषण से शुरू हुआ यह युद्ध राष्ट्रपिता की अपने देश वापसी के साथ अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचा।

पार्टी ने यह भी कहा कि पहले बांग्लादेश की कई सैन्य, नागरिक और तथाकथित नागरिक समाज सरकारों ने देश के इतिहास से 7 मार्च को मिटाने की कोशिश की थी। लेकिन जनता की स्वतःस्फूर्त स्मृति ने इस दिन के महत्व को और बढ़ा दिया।

# पाकिस्तान में बलूचों पर अत्याचार का आरोप, मानवाधिकार संगठन ने उठाए सवाल

**पाकिस्तान।** पाकिस्तानी सेना की बलूचों पर ज्यादती का एक और मामला सामने आया है। एक मानवाधिकार संगठन ने आरोप लगाया है कि करीब सात बलूच नागरिकों को बिना किसी अदालत के आदेश के मार दिया गया। बलूच नेशनल मूवमेंट के मानवाधिकार विभाग (पांक) ने कहा कि अवारन जिले में दो भाइयों नादिल बलूच और शेर जान को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मार दिया गया।

मानवाधिकार विभाग ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इन्हें जबरदस्ती पकड़कर गायब कर दिया था। मानवाधिकार संगठन ने बताया कि नादिल का शव गोलियों से छलनी करके आठ मार्च को अवारन के जाहू कोटू इलाके में फेंक दिया गया।



आरोप है कि हत्या से करीब चार महीने पहले तक उसे गैरकानूनी हिरासत में रखा गया था। उसी दिन शेर का क्षत-विक्षप्त शव बाद में अवारन के तीरतागे इलाके में मिला।

उसे 21 नवंबर, 2025 को पाकिस्तानी कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने हब चौकी मुख्य बाजार से जबरदस्ती गायब कर दिया था।

पांक ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इन दोनों भाइयों की हत्या बलूचिस्तान में आम तौर पर अपनाई जाने वाली 'किल एंड डंप' (मारो और फेंक दो) नीति को दिखाती है। इस नीति में लोगों को जबरदस्ती गायब किया जाता है और लंबे समय तक गैरकानूनी हिरासत में रखने के बाद उन्हें मृत पाया जाता है।

### बलूचिस्तान में क्या हैं आरोप?

- मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर सात बलूच नागरिकों की हत्या का आरोप लगाया।
- अवारन जिले में दो भाइयों नादिल बलूच और शेर जान के शव अलग-अलग स्थानों पर मिले।
- आरोप है कि दोनों को पहले जबरन गायब कर गैरकानूनी हिरासत में रखा गया था।
- पंजगुर जिले में नियाज बलूच, जाकिर बलूच और उमर जान समेत कई युवकों की हत्या का दावा।
- मानवाधिकार समूहों ने इसे किल एंड डंप नीति बताया।
- संगठनों ने इन घटनाओं की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की।

संगठन ने आगे बताया कि पांच मार्च को पंजगुर जिले के परूम इलाके में डेथ स्क्वाड ने दो युवा वाहन चालकों को निशाना बनाकर मार डाला। मरने वालों की पहचान 20 साल के नियाज बलूच और 20 साल के जाकिर बलूच के तौर पर हुई।

इस मानवाधिकार संस्था ने नियाज और जाकिर की हत्याओं की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच और जिम्मेदार लोगों को सजा देने की भी मांग की। पांक ने आगे बताया कि हलीम बलूच का क्षत-विक्षप्त शव छह मार्च को पंजगुर के सरीकुरान इलाके में जबरदस्ती गायब किए जाने के बाद मिला था।

मानवाधिकार संस्था के मुताबिक, पंजगुर के खुदाबदन में रहने वाले और अपनी दुकान चलाने वाले हलीम को 20 फरवरी को डेथ स्क्वॉड ने उनके घर से जबरदस्ती गायब कर दिया था। इस बीच, मानवाधिकार संस्था बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने बताया कि हम्माल हसनी को पाकिस्तान के फ्रंटियर कॉर्प्स के लोगों ने 6 मार्च को पंजगुर जिले के कोह सब्ज पलंतक इलाके में मार डाला था। हसनी एक वकील थे।

# पश्चिम एशिया संघर्षः ईरान का बहरीन की सबसे बड़ी तेल कंपनी पर भीषण हमला, ड्रोन से मचा दी तबाही

**ईरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध जारी है। इसी बीच ईरान ने बहरीन के सबसे बड़ी तेल कंपनी पर भीषण हमला किया। पश्चिम एशिया में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच शुरू हुआ युद्ध तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गया है।

28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष ने कुछ ही दिनों में लेबनान, खाड़ी देशों और वैश्विक ऊर्जा बाजारों तक असर डाल दिया। इसी बीच बहरीन की सरकारी तेल कंपनी ने सोमवार को अपने शिपमेंट के लिए फोर्स मेज्योर की घोषणा कर दी। दरअसल, ईरान के हमले में उसकी रिफाइनरी में आग लग गई थी।

बहरीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने अप्रत्याशित घटना (फोर्स मेज्योर) की घोषणा की, जो एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसके तहत



असाधारण परिस्थितियों के कारण कोई कंपनी अपने संविदात्मक दायित्वों से मुक्त हो जाती है। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे क्षेत्रीय संघर्ष और हाल ही में उसके रिफाइनरी परिसर पर हुए हमले से कंपनी के संचालन प्रभावित हुए हैं।

### कोई हताहत नहीं हुआ

उसने इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय मांग को अभी भी पूरा किया जा सकता है। बहरीन न्यूज एजेंसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अल मा'मीर में एक सुविधा को निशाना बनाकर की गई ईरानी आक्रामकता के कारण आग लग गई, जिसमें भौतिक क्षति की सूचना मिली है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं, अधिकारियों ने अग्निशमन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# ईरान युद्ध में नया मोड़, जमीनी कार्रवाई की तैयारी ट्रंप ने परमाणु सामग्री पर दिए बड़े संकेत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध अब और खतरनाक दौर में पहुंचता दिखाई दे रहा है। संघर्ष के नौवें दिन ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिका और इस्राइल अब ईरान के भीतर जमीनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी परमाणु सामग्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए जरूरत पड़ने पर विशेष सैन्य बल भेजने के संकेत दिए हैं। इससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंका है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका और इस्राइल को ईरान के परमाणु भंडार को लेकर गंभीर चिंता है। माना जा रहा है कि ईरान के पास संवर्धित यूरेनियम का बड़ा भंडार मौजूद है। दोनों देशों की योजना है कि जरूरत पड़ने पर विशेष सैन्य बलों के जरिए इस परमाणु सामग्री को अपने नियंत्रण में लिया जाए। इसी कारण ईरान में संभावित जमीनी अभियान को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।



एयरफोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से ईरान में जमीनी कार्रवाई को लेकर सवाल पूछा गया। ट्रंप ने सीधे तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की, लेकिन यह जरूर कहा कि परमाणु सामग्री की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि हालात की मांग हुई तो अमेरिका अपने विशेष बलों का इस्तेमाल कर सकता है।

ईरान ने अमेरिका और इस्राइल को क्या चेतावनी दी?

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अली अराघची ने कहा कि यदि अमेरिकी या इस्राइली सेना ने ईरान की जमीन पर कदम रखा तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना पूरी तरह तैयार है और देश में घुसने वाले किसी भी दुश्मन का मुकाबला किया जाएगा। अराघची ने दावा किया कि ईरान के सैनिक अपनी जमीन की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे।

अराघची ने यह भी कहा कि अमेरिका और इस्राइल फिर से युद्धविराम की कोशिश कर रहे हैं।

# भारतीय नागरिक की मौत की खबर गलत निकली

**रियाद।** भारतीय मिशन के अनुसार, काउंसलर श्री वाई. साबिर ने रविवार की रात अल-खर्ज का दौरा किया और घटना में घायल हुए भारतीय नागरिक से मुलाकात की। वह वर्तमान में अल-खर्ज के सरकारी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा ₹कल शाम अल-खर्ज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में किसी भारतीय नागरिक की मौत नहीं हुई, यह राहत की बात है। पहले की गलत सूचना घटना के तुरंत बाद, सऊदी सिविल



डिफेंस अधिकारियों ने बयान में कहा था कि प्रोजेक्टाइल हमले में एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हुई। इसके अलावा 12 बांग्लादेशी निवासी घायल हुए और संपत्ति को भी नुकसान हुआ।


-::सार्वजनिक सूचना::-

**गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-C-20, मोहल्ला गरिमा गार्डन, गाजियाबाद पिन सं0-MN30215 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्मति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्री हरी सिंह के स्थान पर श्री जब्बार हसन पुत्र श्री कासिम अली के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/वारीसान प्रमाण-पत्र/वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-C-20, मोहल्ला गरिमा गार्डन, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213(1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 20.09.2024 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका श्री जब्बार हसन पुत्र श्री कासिम अली का नाम भवन सं0-104, मोहल्ला भवन सं0-C-20, मोहल्ला गरिमा गार्डन, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

कर अधीक्षक मोहन नगर जोन




# चार जिलों में अवैध बसों पर कार्रवाई 274 बसों के चालान और 132 बसें सीज

## परिवहन विभाग के अभियान में 1.54 करोड़ से अधिक प्रशमन शुल्क वसूला गया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश शासन और परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग गाजियाबाद द्वारा अवैध रूप से संचालित बसों के खिलाफ विशेष सघन अभियान चलाया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. सियाराम वर्मा के नेतृत्व में गाजियाबाद सम्भाग के चारों जिलों-गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और हापुड़ में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान राष्ट्रीय और राज्य मार्गों, बस अड्डों, टोल प्लाजा तथा संवेदनशील स्थानों पर व्यापक स्तर पर चेकिंग की गई। जांच के दौरान बिना वैध परमिट, कर बकाया, फिटनेस प्रमाण पत्र के अभाव और मोटरयान अधिनियम के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जनवरी और फरवरी 2026 में चलाए गए अभियान के दौरान गाजियाबाद में 22 बसों का चालान कर 21 बसें निरुद्ध की गईं और 7.51 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। वहीं गौतमबुद्धनगर में 219 बसों के चालान और 95 बसें निरुद्ध कर 43.67 लाख रुपये वसूले गए। इसके अलावा बुलंदशहर में 10 बसों का चालान कर 9 बसें निरुद्ध की गईं और 0.89 लाख रुपये वसूले गए, जबकि हापुड़ में 23 बसों के चालान और 7 बसें निरुद्ध कर 1.94 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। अभियान के दौरान कुल 274 बसों का चालान और 132 बसों को निरुद्ध किया गया। इस कार्रवाई में 1.54 करोड़ रुपये प्रशमन शुल्क और 21.45 लाख रुपये कर की वसूली की गई।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए अभियान जारी रहेगा : डॉ. सियाराम वर्मा



**करंट क्राइम।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. सियाराम वर्मा ने बताया कि अवैध रूप से बसों का संचालन राजस्व की हानि के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐसे वाहनों के खिलाफ विभाग द्वारा आगे भी इसी तरह के सघन अभियान जारी रखे जाएंगे। उन्होंने वाहन स्वामियों और संचालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों का संचालन केवल वैध परमिट, कर, फिटनेस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही करें, अन्यथा मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भवन कर में 77 से 92 प्रतिशत छूट का फैसला जनता को भ्रमित करने वाला : हिमांशु लव

## पूर्व पार्षद बोले, बोर्ड बैठक के निर्णय में स्पष्ट नहीं कि किस प्रकार के भवनों पर मिलेगी छूट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की 7 मार्च को हुई बोर्ड बैठक में भवन कर दाताओं को 77 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक छूट देने के निर्णय को पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने जनता को भ्रमित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह छूट पुराने भवनों पर लागू होगी या नए भवनों पर तथा किस प्रकार के भवनों को कितनी प्रतिशत छूट मिलेगी।

हिमांशु लव ने कहा कि नगर निगम एक्ट की धारा 174 के अनुसार पहले से ही भवन कर में नागरिकों को छूट का प्रावधान है, जिसमें 10 वर्ष से अधिक पुराने भवनों पर 32.5 प्रतिशत तथा 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा सकती है। ऐसे में 77 से 92 प्रतिशत तक छूट की घोषणा बिना स्पष्ट प्रावधान के केवल लोगों को भ्रमित करने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने वाले लोगों को हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने की बात कही गई है, लेकिन नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही गीले और सूखे कूड़े को अलग रखने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में इस घोषणा का व्यावहारिक लाभ कैसे मिलेगा, यह भी स्पष्ट नहीं है।

पूर्व पार्षद ने कहा कि भवन कर में बढ़ोतरी के विरोध में कई जनप्रतिनिधि, व्यापारी संगठन और आरडब्ल्यूए लगातार विरोध जता रहे हैं। ऐसे में नगर निगम द्वारा की गई छूट की घोषणा केवल लोगों को भ्रमित करने का प्रयास प्रतीत होती है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि देख लेना भगवा महिला दिवस वाले कार्यक्रम का पुराना इतिहास? तब आपको तस्वीर बिल्कुल क्लियर हो जायेगी साहब? आप देखोगे तो उस कार्यक्रम में भीड़ दिखाई देगी जोरदार? हम यहां पर कोई कम्पेरिजन नहीं कर रहे हैं? बस वैसे ही बता रहे हैं आपको अपना विचार? अगर हो हमारी बात पर किसी को डाउट? साहिबाबाद में हुई उस मीटिंग की हम कर देंगे फोटो आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप भी कहां कर रहे हो एक साल पुरानी चर्चा? जिक्र कर लो क्रान्तिकारी विधानसभा का? वहां भी तो हुआ था भगवा महिला दिवस वाला प्रोग्राम? जब आप इस प्रोग्राम के फोटो उठाकर देखोगे? तब आपको तस्वीर क्लियर हो जायेगी श्रीमान? इस मीटिंग में भी भीड़ दिखी थी हमको खास? जो मैडम पंडित शहर वाले कार्यक्रम में थीं? वो इसमें भी थी साहब? हमें पता है वो इस मैटर में प्रकट नहीं करेंगी अपने विचार? कम्पेरिजन करने का हम फिर कह रहे हैं? बिल्कुल भी इरादा नहीं है हमारा यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुस्कुराते हुए भगवा झा ने पार्टी कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर से आ रहे वॉटर ड्रेनेज वाले होर्डिंग को निहारा? उस होर्डिंग पर डेढ़ा भैया का होर्डिंग था नजर आ रहा? भगवा झा ने चेहरे पर ली सुकून वाली मुस्कान? बोले हम हैं 100परसेंट कन्फर्म? इनका टीम में आ रहा है नाम? फिर इसके बाद भी मिस्टर झा ने बोली बहुत सारी बात? कहा आज मैं भी खुद को खुशनसीब फील कर रहा हूं? एक ही कार्यक्रम के लिए आज पांच कॉल आये हैं मेरे पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दिल से निकाली भगवागढ़ के त्यागी जी ने बात? कहा हमें बहुत अच्छा लगता है प्रभार वाले मंत्री जी का अंदाज? उनके आने से पहले ही हम सबके मोबाईल पर आ जाती है उनकी सूचना? मगर आज तक जब भी हम कार्यकर्ताओं ने उनका फोन मिलाया है? सामने से कभी कोई जवाब नहीं आया है? बस यही बात हम चाहते हैं मंत्री जी से पूछना? क्या बात करने के लिए है उनका कोई और नंबर? अगर पता चले तो हमें भी बता देना? हमारा ये डाउट हटा देना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं आपको अंदर की बात? क्षेत्रीय अध्यक्ष की दौड़ में मजबूती से चल रहा है गाजियाबाद के एक ओबीसी चेहरे का भी नाम? सुना है ये चेहरे इस वक्त अच्छे खासे खामोश है? इन्हें पता है आयेगा कुछ भी एक्साईटमेंट दिखा दिया तो बिगड़ सकता है पूरा प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा कि इस बात का आप दे सकते हो कार्यकर्ताओं में संदेश? वेस्टर्न में पार्टी ला सकती है पिछड़ा या अति पिछड़े वाला फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था एक त्यागी चेहरे के पास? वो बता रहे थे अपने दिल के जज्बात? कह रहे थे मैं ही दे सकता हूं यहां से उनको चुनौती? मेरे पास ही है उन जैसा जनाधार? फिर इन त्यागी चेहरे ने आगे बढ़ाये अपने विचार? कहा मेरी बात को कर लो लॉक? जिस चेहरे को विधायक जी नार्मल ले रहे हैं? वो ही समय आने पर मामला करेगा 'ब्लॉक'? वो कह नहीं रहा मगर वो ही बनना चाहता है यहां का प्रमुख? अब इतना तो मैंने हिंट दे दिया? बताओ अब बाकी भी बचा है और कुछ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बैठा था गाजियाबाद के एक बहुत ही बड़े वाले जनप्रतिनिधि के पास? वो दिला रहे थे हमको हाउस टैक्स घटने पर विश्वास? कह रहे थे हमें है इस बात का पूरा ऐतबार? ताकतवर लेडी शासन में जाकर मजबूत करेंगी जनता की पुकार? कराकर लायेंगी वो वहां से हाउस टैक्स कम? मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास? आपको पता है हम ऐसे ही कोई बात नहीं करते हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से हुई है बोर्ड बैठक? तब से हमे हो रहा है एक बात का एहसास? भगवागढ़ के जय और वीरू जो बना रहे थे गोवा जाने का बढ़-चढ़ कर प्रोग्राम? हम देख रहे हैं अब उनके मुख से बाहर नहीं आ रही है टूर वाली आवाज? लगता है इन दोनों का सिस्टम हो गया है फेल? या किसी ने कर दिया है इनके साथ खेल? जो भी हो उन्हें टूर की स्थिति करनी चाहिए क्लियर? बहुत ही मुश्किल से हमने गोवा वाले टूर की परमीशन अपनी वाईफ से ली थी डियर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चर्चा चल रही है आजकल? भगवागढ़ में अपनी प्रीत दिखाने वाले सरदार जी के बाजुओं में हकीकत में है बहुत बल? हमने देखा एक रील में उनकी ताकत का नजारा? दो ही चाटों में उन्होंने दिखा दिया सामने वालों को सितारा? जमीन पर चित्त हो गया वो जो उनसे करने आया था लड़ाई? हमने कभी ऐसी ताकत भगवागढ़ के पुराने वाले सरदार जी भी नहीं देखी भाई? जो भी हो इस बल के इफैक्ट टीम के गठन में जरूर देंगे दिखाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है कसाना जी का मंत्री जी को लेकर है स्नेह खास? वो वही बोलते हैं जो मंत्री जी करते हैं साहब? सुना है आजकल वो मंत्री जी की गहराई को लेकर हैं काफी कन्फ्यूज? इसी वजह से उड़ा हुआ है उनकी जानकारी का फ्यूज? वो अपने खास लोगों से कर रहे हैं बात? कह रहे हैं उनके मन में किसका नाम चल रहा है? पता ही नहीं चल रहा है साहब? ये आलम तब है, जब हैं हम उनके खास?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# भारत की जीत पर ए ब्लॉक पार्क में जश्न, ललित जायसवाल के आयोजन में बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया फाइनल मैच





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को लेकर शहर के ए ब्लॉक पार्क में उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। ए ब्लॉक पार्क संगठन एवं सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल द्वारा ए ब्लॉक निवासियों के लिए पार्क में बड़ी स्क्रीन पर मैच दिखाने का विशेष आयोजन किया गया। मैच के दौरान पार्क में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर चटकारे लेते हुए चाट-पकौड़ी और आइसक्रीम के साथ मैच का आनंद लिया। मैच के हर रोमांचक पल पर लोग तालियां बजाकर और जयकारे लगाकर भारतीय टीम का हौसला बढ़ाते नजर आए। भारत की जीत होते ही पार्क में जश्न का माहौल बन गया। लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।



### बच्चों ने लहराया तिरंगा, गूंजे भारत माता के जयकारे



**करंट क्राइम।** मैच के दौरान और जीत के बाद ए ब्लॉक पार्क में बच्चों ने तिरंगा लहराते हुए 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। जिस तरह अहमदाबाद के स्टेडियम में भारत माता के जयकारों से माहौल गूंज रहा था, उसी तरह ए ब्लॉक पार्क में भी देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने कहा कि भारतीय टीम की जीत पूरे देश के लिए गर्व का पल है। इसी खुशी को ए ब्लॉक के सभी निवासियों के साथ साझा करने के लिए पार्क में बड़ी स्क्रीन पर मैच दिखाने का आयोजन किया गया, ताकि सभी लोग एक साथ इस ऐतिहासिक पल का आनंद ले सकें।

# सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में पुस्तकालय का उद्घाटन अभिषेक गर्ग ने शिक्षा पर दिया जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री गुरु रविदास टैम्पल ट्रस्ट, नवयुग मार्केट गाजियाबाद द्वारा संचालित सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में सोमवार को विद्यालय के पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। पुस्तकालय का उद्घाटन समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में शहर के कई सामाजिक और राजनीतिक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर फैजल हुसैन (जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद), वीरेंद्र यादव (महानगर अध्यक्ष), नितिन त्यागी (जिला महासचिव), राजन कश्यप (महानगर महासचिव), सहनवाज खान (विधानसभा अध्यक्ष), सतीश पार्चा (बाबा साहब वाहिनी), नदीम खान, राजवीर गौतम, एडवोकेट राजवीर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

संस्था की ओर से अध्यक्ष हरस्वरूप सिंह, महासचिव आर.पी. सिंह, प्रबंधक कृपाल सिंह, प्रधानाचार्य शरणबीर सिंह, समाजसेवी सोहनलाल सोनी, कमल जाटव, केहर सिंह (कोषाध्यक्ष), हरीश हितेषी (उपाध्यक्ष), बाबूलाल, मुख्तयार सिंह, ओमप्रकाश, चन्द्रभूषण, ललितदास, अशोक कुमार, कमलेश देवी (अध्यक्ष डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति), राहुल सिंह, रामकिशन प्रधान, प्रदीप (कोचिंग प्रभारी), अजीत सिंह गौतम, सोनम बौद्ध, उषा और रजनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम : अभिषेक गर्ग

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने कहा था कि 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वही दहाड़ेगा।' उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से अनुरोध किया कि गरीब बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और जरूरतमंद विद्यार्थियों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड की मान्यता प्राप्त होने पर बधाई देते हुए इस कार्य में जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने पुस्तकालय की पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।



# ऑल इंडिया परमिट टैक्स अपलोड में देरी से टूरिस्ट बस ऑपरेटर परेशान, आरटीओ को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टूरिस्ट बस ऑपरेटरों को इन दिनों ऑल इंडिया परमिट के टैक्स अपलोड में हो रही देरी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर सोमवार को ऑपरेटरों ने आरटीओ गाजियाबाद को ज्ञापन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। टूरिस्ट बस ऑपरेटरों का कहना है कि ऑल इंडिया परमिट का टैक्स जमा करने के बाद उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल पर उसकी एंट्री और अपलोड होने में 7 से 10 दिन का समय लग रहा है। जबकि पहले टैक्स जमा करते ही यह तुरंत पोर्टल पर अपडेट हो जाता था।

ऑपरेटरों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में देरी होने के कारण जब बसों को दूसरे राज्यों में भेजना पड़ता है तो वहां डबल टैक्स देना पड़ रहा है, जिससे टूरिस्ट बस संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में आज भी टैक्स जमा होते ही पोर्टल पर तुरंत अपडेट हो जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश में हो रही देरी से सभी ट्रांसपोर्टरों को नुकसान हो रहा है। ऑपरेटरों ने आरटीओ से मांग की कि ऑल इंडिया परमिट टैक्स को पहले की तरह तुरंत पोर्टल पर अपडेट कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि बस संचालकों को अनावश्यक आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में संदीप त्यागी, राजकुमार शर्मा, भगवान सिंह, विनीत पांडे, अनिल सागर, सरवन, जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र राणा, सोनवीर चौधरी, जयप्रकाश राणा और तनुज सहित कई टूरिस्ट बस ऑपरेटर मौजूद रहे।

# चंडी मंदिर प्रांगण में धर्मयात्रा सेवा समिति द्वारा 14वें महारूद्राभिषेक का आयोजन

## 301 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक, नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल रहे मौजूद





**पिलखुवा, करंट क्राइम।** धर्मयात्रा सेवा समिति रजिस्टर पिलखुवा द्वारा चंडी मंदिर प्रांगण में 14वें महारूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 301 जोड़ों ने विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाते हैं।

इस मौके पर सभासद अंशुल मित्तल, विनय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राहुल मित्तल, लोकेश गर्ग, नीरज मित्तल और नितिन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

# हिंदू समाज आत्मरक्षा के लिए तैयार रहे यति नरसिंहानंद गिरी ने किया आह्वान

## डासना स्थित शिवशक्ति धाम से जारी वीडियो में कहा, किसी भी परिस्थिति में न रहें निहत्थे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना स्थित शिवशक्ति धाम के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने एक वीडियो संदेश जारी कर हिंदू समाज से आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में लोगों को सजग रहना चाहिए और अपनी सुरक्षा को लेकर जागरूक होना आवश्यक है। अपने संदेश में उन्होंने हाल की कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज को एकजुट रहकर चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि किसी भी कठिन परिस्थिति में घबराने या भागने के बजाय साहस और संयम के साथ स्थिति का सामना करना चाहिए। उन्होंने समाज से अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और एकजुट होकर रहने की अपील की। इस संबंध में जारी बयान की जानकारी डॉ. उदिता त्यागी, यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की ओर से दी गई।

# पश्चिमी यूपी में सप्ताह के अंत तक बारिश के आसार!

## फिलहाल गाजियाबाद समेत कई शहरों में जून सी जलाने वाली गर्मी, एआईक्यू भी खराब




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ताजा मौसम आंकड़ों के अनुसार 9 मार्च को अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि अगले कुछ दिन तापमान लगातार इसी तरह का बना रहेगा लेकिन सप्ताह के आखिर तक राहत के संकेत हैं।

अगले दिन यानी 10 मार्च को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 11 और 12 मार्च को भी पारा लगभग इसी स्तर पर बना रहेगा, जबकि 13 और 14 मार्च को तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के सात दिन के पूर्वानुमान के मुताबिक 15 मार्च को हल्के बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई गई है।

गर्मी के साथ-साथ हवा की गुणवत्ता भी चिंता बढ़ा रही है। गाजियाबाद में रात आठ बजे औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 196 दर्ज किया गया है, जो अनहेल्दी श्रेणी में आता है। हवा में पीएम 2.5 का स्तर लगभग 117 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 10 का स्तर 140 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रिकॉर्ड किया गया है। ऐसे में विशेषज्ञों ने बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

प्रदेश के अन्य शहरों में भी गर्मी का असर दिखाई दे रहा है। झांसी और आगरा समेत कई स्थानों पर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। पिछले 24 घंटों में आगरा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है और कई स्थानों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने की संभावना है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ दिनों बाद मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है।

डॉक्टरों और प्रशासन ने लोगों को दोपहर की तेज धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। वहीं किसानों के लिए मौसम मिलाजुला रहने की संभावना है, क्योंकि हल्की बारिश फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती है, लेकिन तेज हवाओं से नुकसान की आशंका भी बनी हुई है।